हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 132, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 10 नवम्बर, 2023 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

अयोध्या में योगी कैबिनेट का बड़ा फैसला, यूपी में जल परिवहन होगा सस्ता, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण अधिनियम-2023 को विधान मंडल के दोनों सदनों में स्वीकृति के लिए पेश किया जाएगा

अयोध्या। सस्ता जल परिवहन उपलब्ध कराने के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के दोहरे उद्देश्यों को साधने के लिए प्रदेश में अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। इस प्राधिकरण के गठन के माध्यम से जल परिवहन, जल पर्यटन, पोत परिवहन और नौसंचालन के क्षेत्र में विकास विनियमन और पर्यावरणीय सुरक्षा को विकसित किया जाएगा। गुरुवार को अयोध्या में हुई कैबिनेट की बैठक में इस अहम प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं इसकी जानकारी मीडिया से साझा की। कैबिनेट की स्वीकृत के बाद उत्तर प्रदेश अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण अधिनियम-2023 को विधान मंडल के दोनों सदनों में स्वीकृति के लिए पेश किया जाएगा। अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण प्रदेश के उत्पादों को बेहतर एवं सस्ती दर पर देश के अन्य राज्यों तथा विदेशों में निर्यात के सुलभ अवसर उपलब्ध कराने में मददगार साबित होगा। जलमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष मुख्यमंत्री द्वारा नामित परिवहन मंत्री अथवा

अंतरदेशीय जलमार्ग, शिपिंग, नेवीगेशन, पोर्ट्स से संबंधित मामलों में विशेषज्ञता रखने वाले व्यक्तियों में से किसी एक को यह जवाबदेही सौंपी जाएगी। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर भी अंतरदेशीय जलमार्ग, शिपिंग, नेवीगेशन, पोर्ट्स, मेरीटाइम अफेयर्स से संबंधित मामलों में विशेषज्ञता रखने वाले व्यक्ति की नियुक्ति की जाएगी। वित्त, लोक निर्माण, परिवहन, पर्यटन एवं संस्कृति, सिंचाई एवं जल संसाधन और वन एवं पर्यावरण विभाग के अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव जलमार्ग प्राधिकरण के पदेन सदस्य होंगे। भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आइडब्ल्यूएआइ) के भी एक सदस्य को प्राधिकरण में जगह दी जाएगी। वहीं, परिवहन आयुक्त इसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी होंगे। प्राधिकरण के संचालन के लिए निधि का गठन, परिसंपत्तियों की देनदारियों का स्थानांतरण, शुल्क एवं प्रभारों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए बजट का उपबंध किया जाएगा। बता दें कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम-2016 के तहत 111 राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किए गए हैं, जो विभिन्न राज्यों में अवस्थित हैं। असम व आंध्र प्रदेश में भी वर्ष 2018 और 2023 में अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन किया गया है। वहीं, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र एवं गुजरात में जलमार्ग प्राधिकरण के स्थान पर मैरीटाइम बोर्ड का गठन किया गया है। उत्तर प्रदेश में गंगा, यमुना व अन्य प्रमुख नदियों समेत कुल 11 राष्ट्रीय जलमार्ग स्थित हैं। प्रदेश में जलमार्ग प्राधिकरण के गठन की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी।

माफिया अतीक का करोड़ों का आलीशन बंगला होगा कुर्क, गैंगस्टर एक्ट के तहत पुलिस करेगी कार्रवाई

ग्रेटर नोएडा। माफिया अतीक अहमद का ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-36 में स्थित करोड़ों का आलीशन बंगला मन्नत कुर्क होगा। गैंगस्टर एक्ट के तहत पुलिस कुर्की की कार्रवाई करेगी। मन्नत की अनुमानित कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। अतीक ने अवैध तरीके से धन अर्जित करके संपत्ति बनाई थी। इससे पहले सोमवार को अतीक अहमद की 12.5 करोड़ की बेनामी संपत्ति को पुलिस ने कुर्क किया। प्रयागराज में एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के गौसपुर कटहुला गांव में बड़ी संख्या में फोर्स तैनात रही। पुलिस ने मुनादी कराने के बाद संपत्ति को कुर्क कर दिया और वहां पर इससे संबंधित बोर्ड भी लगवा दिया। 12.5 करोड़ रुपये की 25 बीघे जमीन को अतीक ने राजमिस्त्री हूबलाल के नाम पर बनाई थी। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में गौसपुर कटहुला स्थित इस जमीन को कुर्क करने के लिए कागजी कार्रवाई कई दिन पहले ही शुरू हो गई थी। पुलिस ने इसे गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कुर्क कर दिया। कुल 23,447 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाली यह जमीन अतीक ने 14 अगस्त 2015 को एक राजमिस्त्री के नाम से खरीदी थी।

मतदान से पहले कांग्रेस के झूठ का गुब्बारा फूट गया : पीएम मोदी

सतना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सतना की चुनावी सभा में कहा कि 'मतदान से पहले ही कांग्रेस के झूठ का गुब्बारा फूट गया है। उसके पास मध्यप्रदेश के विकास का कोई रोडमैप नहीं है। कांग्रेस के थके-हारे चेहरों में टढ के युवाओं को कोई भविष्य नहीं दिखता। इसीलिए MP को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। PM ने वादा करते हुए कहा, 'अयोध्या में जिस भक्ति से हम प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बना रहे हैं, उसी भक्ति से गरीबों के घर भी बनाते हैं। जिन्हें अभी भी घर (PM आवास) नहीं मिला है, उन्हें मोदी की गारंटी है कि उनका घर भी बनेगा। 3 दिसंबर को सरकार वापसी पर ढट आवास का काम तेजी से शुरू होगा। ये मोदी है, जिसने 4 करोड़ घर बनाए, लेकिन खुद के लिए घर नहीं बनाया।' उन्होंने कहा कि मैं आजकल जहां भी जाता हूं, वहां अयोध्या में बन रहे प्रभु राम के मंदिर की चर्चा चलती है। पूरे देश में खुशी की लहर है। सौभाग्य से भरे इस पावन कालखंड में मेरे मन में एक बात बार-बार आती है। यह बात मुझे आंदोलित करती रहती है और मुझे तेज गति से दौड़ने की प्रेरणा देती रहती है। यह बात है राम काज कीन्हें बिनु, मोहि कहां विश्राम मानें अब रुकना नहीं है, थकना नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि MP के

चुनाव में आपका हर वोट त्रिशक्ति की ताकत से भरा हुआ है। आपका एक वोट यहां फिर से भाजपा की सरकार बनाने जा रहा है। आपका वोट दिल्ली में मोदी को मजबूत करेगा।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने देशभर में करीब 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी बनाए। जिनका जन्म भी नहीं हुआ था, कांग्रेस सरकार उनके नाम से तिजोरी से पैसे निकालती थी। ये पैसे कांग्रेस के चेले-चपाटों की जेब में जाते थे। मोदी ने ये सारे घोटाले बंद कर दिए। कांग्रेस के करप्शन राज में बिचौलियों की मौज थी। इस पर भी ताला लगा दिया। MP में कांग्रेस ने आपके सामने 2 ऐसे नेता खड़े किए हैं, जो कई दशकों से मध्यप्रदेश कांग्रेस को चलाते हैं। आजकल दोनों एक-दूसरे के कपड़े फाड़ रहे हैं। कांग्रेस आई तो मुफ्त राशन मिलना बंद हो जाएगा। मुफ्त में इलाज मिलना बंद हो जाएगा। लाड़ली बहना योजना बंद हो जाएगी। वहीं, उन्होंने कहा कि ये सतना की ही ताकत और सामर्थ्य है कि बंदूक की नली से संगीत के सुर निकलते हैं। विश्व में जब चारों तरफ बम-बंदूक की आवाजें सुनाई दे रही हैं, भारत जैसे देश आज दुनिया में अपने विचार का प्रभाव पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। युद्ध की मानसिकता वाले मानव समुदाय को सतना की इस धरती का ये बहुत ही सशक्त संदेश है। PM की सतना की सभा ने विंध्य की 30 विधानसभा सीटों को कवर किया। सतना की 7 तो रीवा जिले की 8 सीटों पर इसका सीधा असर पड़ा। छतरपुर की सभा से छतरपुर की 6, पन्ना की 3, टीकमगढ़ की 3, निवाड़ी की 2 सीट को ढट कवर करेंगे। यह सभा बुंदेलखंड की 26 सीटों पर असर डालेगी।

बिहार में पिछड़े वर्ग को बड़ी सौगात, 75 फीसदी आरक्षण वाला बिल सर्वसम्मति से पास, विधानसभा में किसी ने नहीं किया विरोध

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा दांव चलते हुए 75 फीसदी आरक्षण को मंजूरी दे दी और आज यह विधानसभा में सर्वसम्मति से पास भी हो गया। यानी बिहार में अब पिछड़ा वर्ग को 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी आरक्षण मिलेगा। वहीं 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को मिलेगा। यानी कहें तो बिहार में कुल आरक्षण 75 फीसदी हो गया है। बता दें कि मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जाति आधारित गणना के आधार पर सरकारी नौकरियों में आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने का प्रस्ताव दिया था। उनका कहना था कि जाति आधारित गणना की रिपोर्ट से राज्य की गरीबी जाहिर होती है। मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि सवर्ण गरीबों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण यथावत रहेगा। इसमें बदलाव की कोई संभावना नहीं है। पिछड़े वर्ग की महिलाओं को मिलने वाला तीन प्रतिशत आरक्षण पिछड़ों के लिए पहले से जारी आरक्षण में समायोजित कर दिया जाएगा। क्योंकि, राज्य सरकार पहले से ही महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दे रही है। अनुसूचित जाति को पहले 16 फीसदी का आरक्षण था जो कि बढ़कर 20 प्रतिशत हो जाएगा।

लालजी टंडन के बेटे और यूपी सरकार के पूर्व मंत्री आशुतोष का निधन, राजनाथ सिंह ने जताया शोक

लखनऊ। यूपी सरकार के पूर्व मंत्री व लखनऊ पूर्व से विधायक आशुतोष टंडन उर्फ गोपाल जी का निधन हो गया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। आशुतोष टंडन योगी सरकार के पहले कार्यकाल में मंत्री भी रहे। उनके निधन की जानकारी आशुतोष टंडन के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी दी गई। साइट पर लिखा गया कि गोपाल भइया हम सबको छोड़ कर चले गये। आशुतोष टंडन उर्फ गोपाल जी भाजपा के वरिष्ठ नेता व मध्य प्रदेश व बिहार के राज्यपाल रहे स्वर्गीय लालजी टंडन के पुत्र थे। लालजी टंडन यूपी में भाजपा के प्रमुख स्तंभ व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मित्र व सहयोगी थे। उनके निधन पर देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं लखनऊ पूर्व के विधायक, आशुतोष टंडन उर्फ. गोपालजी के निधन से मुझे गहरा दुःख हुआ। उनका राजनीतिक जीवन लखनऊ वासियों की सेवा में समर्पित था।

'जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मुकदमों की निगरानी के लिए विशेष पीठ गठित करे हाईकोर्ट', शीर्ष अदालत का निर्देश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए निर्देश जारी किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एमपी-एमएलए के खिलाफ मामलों के त्वरित निपटारे से संबंधित ट्रायल कोर्ट के लिए एक समान दिशानिर्देश बनाना उसके लिए मुश्किल होगा। कोर्ट ने उच्च न्यायालयों से ऐसे मामलों की प्रभावी निगरानी और निपटान के लिए स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज करने को कहा। शीर्ष कोर्ट ने उच्च न्यायालयों से जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आपराधिक सुनवाई की निगरानी के लिए विशेष पीठ गठित करने को कहा। कोर्ट ने कहा कि आपराधिक प्रकारणों में जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मुकदमों पर हाईकोर्ट विशेष निचली अदालतों से स्थिति रिपोर्ट मांग सकती हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि सुनवाई करने वाली अदालतें अहम और बाध्यकारी कारणों को छोड़कर जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मामलों की सुनवाई स्थगित न करें। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने जन प्रतिनिधियों के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटारे की मांग वाली अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका पर उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों को कई निर्देश जारी किए। कोर्ट की व्यवस्था में कहा गया कि उच्च न्यायालय कानून निमार्ताओं के खिलाफ आपराधिक मुकदमों की निगरानी के लिए एक विशेष पीठ का गठन करेंगे, जिसकी अध्यक्षता या तो मुख्य न्यायाधीश या फिर उनके द्वारा नामित पीठ द्वारा की जाएगी।

विश्वविद्यालय शोध के क्षेत्र में विशेष ध्यान दें : राज्यपाल

भविष्य की चुनौतियों से निबटने के लिए जल सुरक्षा जरूरीः डॉ. राजेंद्र सिंह, कुलपति ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को गिनाया

मोहम्मद अरशद

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह मनाया गया। इस अवसर पर माननीय कुलाधिपति, श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले स्नातक एवं स्नातकोत्तर मेधावियों को 81 स्वर्ण पदक प्रदान किए।

इस अवसर पर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालयों में शिक्षा की सुचिता पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षक नियमित क्लास लें। विश्वविद्यालयों में जब प्रवेश, परीक्षा और परीक्षाफल की तिथि निर्धारित हो जाएगी तो शिक्षा व्यवस्था अपने आप सुधर जाएगी। महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में 73 फीसदी लड़कियां और 27 फीसदी लड़के गोल्ड मेडल पाएं हैं। इससे साबित होता है कि महिलाएं पुरुषों से आगे हैं। मैंने उत्तर प्रदेश में नौ विश्वविद्यालयों की कुलपति महिलाओं को बनाया। उन्होंने कहा कि शोध के क्षेत्र में हमे विशेष जोर देने की जरूरत है। पेटेंट न होने के कारण विश्व के अन्य देश हमसे आगे हो जा रहे हैं। उन्होंने जर्मनी को उदाहरण देते हुए कहा कि वहां गर्भवती माताओं को शिक्षा दी जाती है ताकि उसका बच्चा पैदा होने के बाद शिक्षित और संस्कारित बने। इस काम का प्रमाण हमारे यहां महाभारत काल का अभिमन्यु है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के डिग्रियों को डिजिलॉकर में रखने का एकमात्र उद्देश्य यह है कि उसके साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न हो पाए और साथ में ही वह इसके माध्यम से अपनी डिग्री को देश में कहीं से भी देख सकेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों को तकनीकी के क्षेत्र में विद्यार्थियों का भी उपयोग करना चाहिए जिससे कि विश्वविद्यालय के विकास में उनकी भी सहभागिता हो। उन्होंने कहा कि गरीब बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए विश्वविद्यालयों को आंगनबाड़ी केंद्रों तक भेजा गया। प्रदेश में वृक्षारोपण कराने का उद्देश्य भी पर्यावरण को सुरक्षित करना है। हमें समस्याओं के मूल को पहचानना होगा और प्रयास करके इसका निदान करना होगा।

दीक्षांत उद्बोधन में मुख्य अतिथि पीपल्स वर्ल्ड कमीशन ऑन ड्राउट एंड फ्लड, स्वीडन एवं तरुण भारत संघ, राजस्थान के चेयरमैन जल पुरुष डॉ. राजेंद्र सिंह ने शिक्षा और विद्या के अंतर को समझाते हुए कहा कि शिक्षा पढ़ाई से होती और विद्या खुद लेनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को विद्या नीति की ओर ले जाने की जरूरत है। वैश्विक रूप से हमारे समक्ष अनेक पर्यावरण संबंधी समस्याएं परिलक्षित हो रही हैं । इन समस्याओं का मुख्य कारण विकास की होड़ में प्रकृति की अनेदखी एवं पर्यावरणीय असंतुलन है । उन्होंने कहा कि धरती का पेट तेजी से खाली हो रहा है। जल, जीवन और जमीन तीनों पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा

कि ज्ञान-विज्ञान, सेवा और सद्भावना की जो विद्या इन युवाओं ने इस विश्वविद्यालय में ग्रहण की है, उसे जीवन में उतार कर व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक जीवन को समृद्ध एवं राष्ट्र के लिए सकारात्मक और सृजनात्मक योगदान करें।

उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने गोल्ड मेडल पाने वाले विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें अच्छा इंसान बनने का संकल्प लेना होगा जिससे वह अपने घर परिवार के साथ-साथ समाज की भी जिम्मेदारियों को निभा सके। विद्यार्थियों की सेवा और प्रेम उन्हें पूर्ण बनाता है। ऐसे लोग अपनी क्षमता और कौशल से देश को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र उसके ब्रांड अंबेसडर होते हैं।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने मुख्य अतिथि, राज्यपाल और अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को बिन्दुवार बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के लिये मेरे मन मस्तिष्क में एक संकल्प है इसे चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित करना मेरी प्राथमिकता है। दीक्षांत समारोह की शुरूआत में शोभायात्रा निकाली गई, जिसका नेतृत्व कुलसचिव महेंद्र कुमार ने किया। शोभायात्रा में अतिथियों के साथ कार्य परिषद् एवं विद्या परिषद के सदस्य शामिल हुए। दीक्षांत समारोह का संचालन डॉ. मनोज मिश्र ने किया। इसके पूर्व जल भरो कार्यक्रम जल भरो गीत के साथ किया गया।

इस अवसर राज्यसभा सदस्य सीमा द्विवेदी, एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंसु, डा. रागिनी सोनकर, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, प्रो. पंकज एल जानी, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. वंदना राय, प्रो. अजय प्रताप सिंह, डॉ. जगदीश सिंह दीक्षित, प्रो. रणंजय सिंह, प्रो. शम्भूराम चौहान, प्रो. श्रीश सिंह, डॉ. राजेश सिंह, , प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, डॉ. अवधेश नारायण राय, डॉ सत्यप्रकाश, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. राजेश शर्मा, वित्त अधिकारी उमाशंकर, परीक्षा नियंत्रक बीएन सिंहडा. विजय सिंह, डा. राहुल सिंह,, प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. रामनारायण, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. बीडी शर्मा, डा. संदीप सिंह, डा. प्रदीप कुमार, डा. मनीष गुप्ता, पूर्व एनएसएस समन्वयक प्रो. राकेश यादव, रोवर्स रेंजर्स डा. जगदेव, डा. विजय तिवारी, डा. संतोष कुमार,. डा. सुनील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह राठौर,डा. रशिकेस, डॉ. अनु त्यागी, डा. जाह्नवी श्रीवास्तव, डा. अमरेंद्र सिंह, डा. आशुतोष सिंह, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर, महामंत्री रमेश यादव, डॉ. अमित वत्स., उप कुलसचिव अमृतलाल, एआर अजीत सिंह, बबिता सिंह, दीपक सिंह, आदि शिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे.

गतिमान पत्रिका का हुआ लोकार्पण- विश्वविद्यालय के 27 वें दीक्षांत समारोह में गतिमान वार्षिक पत्रिका का विमोचन राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किया। इस पत्रिका **मिला उपहार**- वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 27 वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कक्षा 5 से 8 में पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल बैग, फल, जमेटरी बाक्स, महापुरुषों पर प्रकाशित पुस्तकें आदि प्रदान किया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए कुकड़ीपुर. देवकली, सुल्तानपुर एवं जासोपुर गांव में आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले चार बच्चों को भी दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के वर्षभर की गतिविधियां स्वर्ण पदक धारकों की सूची, अतिथियों का परिचय समेत विश्वविद्यालय की विविध गतिविधियों को बड़े आकर्षण ढंग से प्रकाशित किया गया है। विमोचन अवसर पर कुलपति, दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि, प्रधान संपादक डॉ. मनोज मिश्र, संपादक डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, सम्पादन मण्डल में प्रो. अजय द्विवेदी, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. नितेश जायसवाल और डॉ लक्ष्मी मौर्य रहें।

जल संरक्षण एवं सम्वर्धन हेतु हुआ एमओयू- पीपल्स वर्ल्ड कमीशन ऑन ड्राउट एंड फ्लड, स्वीडन एवं तरुण भारत संघ, राजस्थान के चेयरमैन जल पुरुष डॉ. राजेंद्र सिंह और वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में जल संरक्षण एवं सम्वर्धन हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किया।

बच्चों को राज्यपाल के हाथों राज्यपाल को मिला अतुल माहेश्वरी स्वर्ण पदक- विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के एम.ए. जनसंचार विषय में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थी को अतुल माहेश्वरी स्वर्ण पदक दिया जाता है। वर्ष 2023 में एम.ए. जनसंचार विषय में सर्वोच्च अंक पाने पर रामनरेश को यह पदक मिला।

80 मेधावियों को मिला 81 स्वर्ण पदक- वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 27 वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 80 मेधावियों को प्रथम प्रयास में अपने विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर 81 स्वर्ण पदक प्रदान किया। स्नातक स्तर पर 23 एवं परास्नातक स्तर पर 58 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक मिला।

222 शोधार्थियों को मिली पीएच.डी. की उपाधि- दीक्षांत समारोह में 222 शोधार्थियों को मिली पीएच.डी. की उपाधि मिली। इसमें 144 कला संकाय में, विज्ञान संकाय में 22, कृषि संकाय में 05, शिक्षा संकाय में 34, विधि संकाय में 04, इंजीनियरिंग संकाय में 01, वाणिज्य संकाय में 09, प्रबन्ध संकाय में 02, अनुप्रयुक्त समाज विज्ञान एवं मानविकी संकाय में 01 शोधार्थियों को उपाधि मिली।

राज्यपाल के हाथों दस आंगनबाड़ी केंद्रों को दिया किट- दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने गोद लिए गए गांव में एवं अन्य जगह स्थापित दस आंगनबाड़ी केंद्रों पर ट्राइसिकल, झूला, स्टोरी बुक, व्हाइट बोर्ड, कुर्सी समेत कुल 77 सामान की किट वितरित की गई।

बटन दबाते ही डीजी लॉकर में अपलोड हुई डिग्रियां- दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने आईपैड का बटन दबाकर 2022-23 की स्नातक और स्नातकोत्तर की एक लाख 62 हजार 687 डिग्रियों को डिजीलॉकर में अपलोड करने का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों को इससे डिजीटल डिग्री आसानी से मिल जाएगी।

हैलीपेड पर कुलपति समेत अधिकारियों ने किया स्वागत- वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के हैलीपैड पर राज्यपाल सुबह पहुंची। इस दौरान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह, जिलाधिकारी अनुज झॉ, पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा, रजिस्ट्रार महेंद्र कुमार, समेत कई अधिकारियों ने पुष्प भेंट किया।

संपादकीय

इतनी भी क्या जल्दी

बिहार में कास्ट सर्वे रिपोर्ट का दूसरा हिस्सा सार्वजनिक किए जाने के ठीक बाद जिस तरह से आरक्षण सीमा बढ़ाने की मांग हुई और तत्काल कैबिनेट ने नए कोटा बिल को मंजूरी दे दी, वह अप्रत्याशित तो नहीं है, लेकिन उसे उचित भी नहीं कहा जा सकता। यह सही है कि कास्ट सर्वे रिपोर्ट से जुड़े शिक्षा और आर्थिक सर्वेक्षण वाले हिस्से ने भी कई चौंकाने वाले तथ्य जाहिर किए हैं। राज्य के कुल 2.76 करोड़ परिवारों में से 63.74 फीसदी ऐसे पाए गए, जिनकी मासिक कमाई 10,000 रुपये भी नहीं है। यह बात भी अब आधिकारिक तौर पर स्पष्ट हो गई है कि इस आर्थिक रूप से कमजोर हिस्से का बड़ा भाग रउ/रळ, डइउ तबकों से आता है। लेकिन इसके बावजूद जिस हड़बड़ी में इन समुदायों के लिए 65 फीसदी आरक्षण का प्रस्ताव आगे बढ़ा दिया गया है, वह आगे चलकर कई तरह की जटिलताओं को जन्म दे सकता है। सामान्य स्थितियों में यह बात सही है कि शिक्षा संस्थानों में और सरकारी तंत्र में भी आबादी के सभी हिस्सों का समुचित प्रतिनिधित्व होना चाहिए। लेकिन यह लक्ष्य ऐसा नहीं है, जिसे किसी जादू की छड़ी के जरिए चटपट हासिल कर लिया जाए। किसी भी समाज के वहां तक पहुंचने की प्रक्रिया जटिल होती है और उसमें समय भी लगता है। अगर आरक्षण को ही लिया जाए तो मौजूदा राजनीतिक नेतृत्व के एक हिस्से ने इसे हर बीमारी का इलाज मान लिया लगता है। हालांकि इसके साइड इफेक्ट हमें महाराष्ट्र समेत तमाम राज्यों में दिखते रहे हैं, जहां नए-नए और अपेक्षाकृत ताकतवर समूह भी खुद को वंचितों की श्रेणी में रखते हुए आरक्षण की मांग करने लगते हैं। इन मांगों का फायदा उठाना अलग बात है और समाज का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ना बिल्कुल अलग। राजनीतिक नेतृत्व अगर इन दोनों के बीच फर्क करते हुए आगे बढ़ सके तो यह दूरगामी नजरिए से सबके हित में होता है। अफसोस की बात है कि बिहार में जिस तरह की हड़बड़ी दिखाई गई, उसके पीछे चुनावी लाभ हासिल करने की मंशा ही ज्यादा लगती है। यह बात सभी जानते हैं कि आरक्षण पर 50 फीसदी की अधिकतम सीमा की सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक अभी लागू है। ऐसे में बिहार विधानसभा से प्रस्ताव पारित करने का व्यवहार में कोई अर्थ नहीं है सिवाय इसके कि मतदाताओं के बीच खास तरह का संदेश भेज दिया जाए। चुनावी हितों से अलग कसौटियों पर देखें तो कास्ट सर्वे से निकले आंकड़ों को नीति का आधार बनाने से पहले कई और स्तरों पर परखे जाने की जरूरत है। उदाहरण के लिए, नीति आयोग का मल्टी डाइमेंशनल पॉवर्टी इंडेक्स बिहार में गरीबी का प्रतिशत 51.91 बताता है। यह कास्ट सर्वे के आंकड़े (63.74 फीसदी) से इस मायने में भी अलग है कि इसमें कई इंडिकेटर्स को आधार बनाया गया है जबकि कास्ट सेंसस डेटा सिर्फ मंथली इनकम पर आधारित है।

नो पॉलिटिक्स प्लीज

चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने पंजाब सरकार की ओर से दायर एक याचिका की सुनवाई करते हुए राज्यपालों की भूमिका पर जो कुछ कहा, वह सभी संबंधित पक्षों के लिए चेतावनी की तरह है। भले ही सुप्रीम कोर्ट ने अभी उन सबको आत्मावलोकन की सलाह भर दी हो, लेकिन यह स्थिति सचमुच चिंताजनक है कि राज्यपालों से सामान्य जिम्मेदारी का निर्वाह कराने के लिए भी राज्य सरकारों को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। आखिर विधानसभा में पारित विधेयकों को मंजूरी देना राज्यपाल का संवैधानिक दायित्व है। उसकी प्रक्रिया भी पहले से तय है। राज्यपाल या तो उसे राज्य सरकार को दोबारा विचार के लिए लौटा सकते हैं या फिर उसे राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं। किसी भी स्थिति में उन बिलों को लटकाए रखने का भला क्या औचित्य हो सकता है। और यह अकेले पंजाब का मामला नहीं है। इसी साल अप्रैल में तेलंगाना की सरकार भी राज्यपाल के खिलाफ ऐसी ही शिकायत लेकर सुप्रीम कोर्ट आई थी। केरल और तमिलनाडु दो और राज्य हैं, जो इसी कतार में खड़े नजर आते हैं। केरल की ओर से सीनियर एडवोकेट केके वेणुगोपाल ने सीजेआई की बेंच के सामने अर्जेंट लिस्टिंग की अर्जी डाल रखी है जबकि तमिलनाडु के मामले पर इसी महीने की 10 तारीख को सुनवाई होनी है। गौर करने की बात यह है कि इन सभी राज्यों में गैर बीजेपी दलों की सरकार है। स्वाभाविक ही पहला संदेह यही होता है कि कहीं राज्यपालों की इस भूमिका के पीछे राजनीतिक समीकरणों की तो कोई भूमिका नहीं है। यह भूमिका हो या न हो, ऐसा विवाद पैदा होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस तरह के मामलों में तो सभी पक्षों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए ताकि गलती से भी यह संकेत न जाए कि देश में संवैधानिक संस्थाओं के कामकाज में राजनीति आड़े आ रही है। साफ है कि इस कसौटी पर शासन तंत्र अपेक्षित जिम्मेदारी नहीं दिखा पा रहा। हालांकि इसके लिए किसी भी एक पक्ष पर पूरा दोष नहीं डाला जा सकता। अगर पंजाब की ही बात करें तो बिलों को मंजूरी मिलने में हुई देरी का सवाल अपनी जगह जायज हो सकता है, लेकिन विधानसभा की बैठकों के बीच तीन महीने के अंतराल का भला क्या औचित्य हो सकता है। विधानसभा का बजट सत्र मॉनसून सत्र से जा मिला। राज्य सरकार कानूनी व्याख्याओं का सहारा भले लेती रहे, यह बात स्थापित परंपराओं के खिलाफ है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने बिल्कुल ठीक कहा कि आत्मचिंतन की जरूरत सभी पक्षों को है। संविधान में सबके अधिकारों और कर्तव्यों की सीमाएं स्पष्ट रूप से बताई गई हैं। जरूरत सिर्फ इन्हें सही रूप में समझने और उनका पालन करने की है। उम्मीद की जानी चाहिए कि पंजाब के मामले में दी गई सुप्रीम कोर्ट की नसीहत को अन्य राज्यों में भी सबक की तरह लिया जाएगा।

जिन आंकड़ों पर नीतीश कुमार को शर्मिंदा होना चाहिए, उसे गर्व के साथ पेश कर रही है सरकार

संतोष पाठक

बिहार की जेडीयू-आरजेडी गठबंधन सरकार ने मंगलवार को बिहार विधानसभा में जातिगत जनगणना से जुड़े आंकड़ों को पेश कर दिया। सरकार ने इन आंकड़ों में राज्य में आबादी की शैक्षणिक स्थिति के बारे में जानकारी दी है। यह भी बताया कि राज्य में किस जाति में कितने प्रतिशत लोग गरीब हैं। किस जाति के कितने प्रतिशत लोग शिक्षित हैं।

विपक्षी दलों के हंगामा के बीच जिस अंदाज में बिहार सरकार ने इस रिपोर्ट को विधानसभा में पेश किया उससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। बिहार शायद देश का इकलौता ऐसा अनोखा राज्य है जिस राज्य में कोई भी राजनीतिक दल अपने आप को बिहार की दुर्दशा के पाप से अलग नहीं रख सकता है। बिहार की दयनीय हालत का अंदाजा इससे लगा सकते हैं कि जिस रिपोर्ट पर वहां के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, वहां के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एवं उनके पिता लालू यादव और कुछ हद तक विपक्षी भाजपा को भी शर्मिंदा होना चाहिए। उस रिपोर्ट को नीतीश सरकार ने गर्व के साथ सदन के अंदर पेश कर दिया। बिहार में कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर 1990 में भाजपा के समर्थन से लालू यादव बिहार के मुख्यमंत्री बने। 1990 में नीतीश कुमार लालू यादव के साथ थे। राबड़ी देवी के भाइयों के बढ़ते प्रभाव और नीतीश की मौजूदगी में तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव द्वारा राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के साथ किए गए व्यवहार के बाद नीतीश कुमार ने लालू यादव से अलग होकर अपनी पार्टी बनाई। भाजपा के साथ मिलकर लड़ते रहे। और फिर फाइनली 15 साल बाद वर्ष 2005 में नीतीश कुमार, लालू परिवार (राबड़ी देवी) को बिहार की सत्ता से हटा कर बिहार के मुख्यमंत्री बने। इसके बाद नीतीश कुमार लगातार 8 साल तक भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री रहे। भाजपा ने सिर्फ समर्थन ही नहीं दिया बल्कि सरकार में शामिल भी रही। नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय फलक पर आने के बाद नीतीश कुमार कभी भाजपा के साथ तो कभी लालू यादव के साथ मिलकर सरकार बनाते रहे। नीतीश कुमार के उपमुख्यमंत्री और मंत्री तो बदलते रहे लेकिन मुख्यमंत्री पद नीतीश कुमार के पास ही रहा। पहले लालू यादव फिर उनकी पत्नी और फिर नीतीश कुमार, ये तीनों मिलकर 1990 के बाद से बिहार पर राज कर रहे हैं, यानी पिछले 33 वर्षों से बिहार के भाग्य विधाता बने हुए हैं और उसके बाद भी बिहार की हालत कितनी दयनीय हो गए हैं, यह इन्ही की सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किए गए आंकड़े बताते हैं।

जरा इन आंकड़ों पर गौर कीजिए। बिहार सरकार द्वारा पेश किए गए आंकड़े के मुताबिक राज्य में 32.1 फीसदी लोग ऐसे हैं जो कभी स्कूल ही नहीं गए हैं। बिहार की 22.67 आबादी ने सिर्फ पहली से पांचवी तक की शिक्षा हासिल की है। कक्षा 11 से 12 तक पढ़ने वाले लोगों का आंकड़ा सिर्फ 9.19 फीसदी है और बिहार में ग्रेजुएट तक कि पढ़ाई करने वाले लोग सिर्फ 7 फीसदी ही है।

सामान्य वर्ग की बात तो छोड़ ही दीजिए लेकिन जिस धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के नाम पर लालू-नीतीश पिछले 33 वर्षों से बिहार पर राज कर रहे हैं उस बिहार में मुसलमानों की बात करें तो 25.84 फीसदी शेख गरीब है। पठान में 22.2 फीसदी और सैयद में 17.61 फीसदी परिवार अभी भी गरीब है। सामाजिक न्याय के नाम पर मसीहा बनने वाले लालू/नीतीश के 33 वर्षों के राज के बावजूद 29.87 फीसदी तेली, 34.56 फीसदी मल्लाह, 32.99 फीसदी कानू, 34.75 फीसदी धानुक, 35.88 फीसदी नोनिया,38.37 फीसदी नाई परिवार गरीब है। किसी भी राज्य पर 33 वर्षों तक राज करने वाले राजनीतिक दलों के लिए यह आंकड़ा अपने आप में काफी शर्मनाक है कि आज भी बिहार में सामान्य वर्ग में गरीब परिवारों की संख्या 25.09 फीसदी है। आरक्षण का लाभ हासिल करने के बावजूद, पिछड़ा वर्ग के तहत आने वाले लोगों में 33.16 फीसदी परिवार गरीब हैं तो वहीं अत्यंत पिछड़ा से ताल्लुक रखने वाले 33.58 फीसदी परिवार गरीब हैं। अनुसूचित जाति में 42.93 फीसदी गरीब परिवार हैं तो वहीं अनुसूचित जनजाति में 42.70 फीसदी परिवार गरीब है। बिहार की इस हालत के लिए निश्चित तौर पर बिहार में राज करने वाले नेता तो जिम्मेदार हैं ही लेकिन इसके साथ-साथ बिहार के मतदाता भी कम जिम्मेदार नहीं है क्योंकि इस बुरी हालत के बावजूद बिहार के हुक्मरान बड़े गर्व के साथ इस रिपोर्ट को विधानसभा में पेश कर रहे हैं और आरक्षण का लॉलीपॉप देकर एक बार फिर से सामाजिक न्याय के नाम पर दलित, पिछड़े और अत्यंत पिछड़े वर्ग से आने वाली जातियों का मसीहा बनने की कोशिश कर रहे हैं और जनता इन्हें मसीहा बना भी देगी। कोई इनसे सवाल नहीं पूछेगा कि बिहार की इस दुर्दशा के लिए जिम्मेदार कौन है? आरक्षण के बाद भी बिहार के अनुसूचित जाति और ओबीसी के समाज में इतनी ज्यादा गरीबी क्यों है ? आखिर इन तक आरक्षण का लाभ नहीं पहुंच पाने के लिए जिम्मेदार कौन है?

सनबीम वरुणा हॉस्टल, सनबीम इण्टरनेशनल एवं सनबीम वीमेन्स कालेज के संयुक्त वार्षिकोत्सव - तराना में दिखी नव काशी की भव्यता

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। आधुनिक शिक्षा एवं छात्रों के हुनर से नित्य-नवीन कीर्तिमान स्थापित कर रहे सनबीम शिक्षण समूह, शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से प्रदेश ही नहीं सम्पूर्ण भारतवर्ष में अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है इसी कड़ी में 9 नवम्बर गुरुवार को सनबीम हॉस्टल वरुणा, सनबीम इण्टरनेशनल एवं सनबीम वीमेन्स कॉलेज के संयुक्त वार्षिकोत्सव तराना का आयोजन सनबीम वरुणा के प्रांगण में किया गया जिसका थीम नव काशी रखा गया था इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्राचीन काशी और आधुनिक काशी के बीच परम्पराओं, संस्कृतियों एवं विकास का तुलनात्मक अध्ययन करना एवं काशी के धरोहर को सँजोना था` वाराणसी एवं देश के अन्य हिस्सों में प्रतियोगी समागम में अपने ओजपूर्ण प्रस्तुति से सनबीम वरुणा का नाम रोशन करने वाले 100 से अधिक छात्र- छात्राओं को उनके अभिभावकों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया`

कार्यक्रम के प्रारम्भ में सनबीम शिक्षण समूह के अध्यक्ष डॉ0 दीपक मधोक के द्वारा प्रख्यात शिक्षाविद एवं शिक्षा प्रभावक डॉ0 सुमेर बहादुर सिंह एवं अन्य सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया गया तत्पश्चात गैलेक्सी ऑफ अचीवर्स की ओजपूर्ण प्रस्तुति की गयी कार्यक्रम की अगली कड़ी में सनबीम स्कूल वरुणा की प्रधानाचार्या एवं कैम्पस हेड डॉ0 अनुपमा मिश्रा, छात्रावास के अधीक्षक घनश्याम मिश्रां, सनबीम इण्टरनेशनल वरुणा की हेड साधना सिंह एवं सनबीम वीमेन्स कालेज वरुणा की प्रशासिका शालिनी सिंह ने विद्यालय एवं छात्रावास का संयुक्त वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया` सुर-प्रवाह एवं गंगा-आरती की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी के मन को मोह लिया त्रिवेणी कार्यक्रम के द्वारा ओडिसी, कत्थक एवं भरतनाट्यम् नृत्य का मनमोहक प्रस्तुतीकरण किया गया इसी कड़ी में द मिस्टिक एबोड- काशी कार्यक्रम के अन्तर्गत 'शान-ए-बनारस की भावना का दिग्दर्शन हुआ` पुरस्कार-वितरण समारोह में मोस्ट एक्टिव वालण्टियर,द बेस्ट इन स्पोर्ट, एक्सीलेंस इन लीडरशिप, मोस्ट टैलेण्टेड द ऑल राउण्ड द मोस्ट ग्रेसफुल परफार्मर,द मोस्ट पंक्चुअल चाइल्ड एक्सीलेण्ट इन अकेडमिक्स एवं एक्सीलेंट इन मोस्ट कॅरिकुलर एक्टिविटीज इत्यादि क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया` कार्यक्रम की अगली कड़ी में नन्हें-मुन्हें बच्चों के द्वारा इज स्प्रिंग फार बिहाइण्ड? की मन्त्रमुग्ध प्रस्तुति की गयी एनर्जी वर्सेज इन्थुजिआज्म के अन्तर्गत रोबोटिक नृत्य की प्रस्तुति की गयी इसके उपरान्त सनबीम शिक्षण समूह की उपनिदेशिका अमृता बर्मन, सहनिदेशिका प्रतिमा गुप्ता एवं मानद निदेशक हर्ष मधोक के द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों को सम्बोधित किया गया` रिदम ऑफ काशी के अन्तर्गत रॉक बैण्ड-अग्नि की प्रस्तुति पर लोगों ने खूब आनन्द लिया इसी क्रम में बनारस की रामलीला की ओजपूर्ण एवं मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति की गयी इसके पश्चात तराना- आनन्दोत्सव के अन्तर्गत काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलगीत का सुमधुर गायन प्रस्तुत किया गया` कार्यक्रम के अन्त में सनबीम शिक्षण समूह के अध्यक्ष डॉ0 दीपक मधोक एवं निदेशिका भारती मधोक ने सभी प्रतिभागियों एवं उनके अभिभावकों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं एवं सभी के प्रति धन्यवाद-ज्ञापन दिया अन्त में राष्ट्रगान के साथ ही हॉस्टल वार्षिकोत्सव तराना का समापन किया गया।

सहजनवां तहसील क्षेत्र के बड़गहन मे रॉयल्टी के नाम पर मानक की धज्जियां उड़ा रहे खनन कारोबारी

प्रखर गोरखपुर। सहजनवा तहसील क्षेत्र के बड़गहन में रॉयल्टी के नाम पर खनन कारोबारी मानक की धज्जियां उड़ा रहे है। वही प्रशासन की नजर में सब कुछ ठीकठाक चल रहा है। बताते चले की तहसील क्षेत्र के बड़गहन गांव के पास राप्ती नदी के तटीय भाग में खनन विभाग द्वारा खनन कराने का आदेश दिया था। वही तहसील प्रशासन ने खनन कारोबारियों के पक्ष में अपनी रिपोर्ट भी लगा दी थी। इसके बाद देखा जाय तो आदेश मिलते ही खनन कारोबारियों की चांदी हो गई । और मानक को ताख पर रखते हुए आदेश की धज्जियां उड़ाना शुरू कर दिए है। वही स्थानीय प्रशासन व खनन विभाग के जिम्मेदार ने अपने दिए गए आदेश का पालन करने मे सक्षम दिखाई नही दे रहे है। जिससे खनन कारोबारी का मनोबल बढ़ चुका है। और प्रशासन और विभाग जिम्मेदार अधिकारियों के आंख में धूल झोकते हुए मानक की धज्जियां उड़ाते हुए मालामाल हो रहे है ।वही ग्रामीणों द्वारा जानकारी मिली है कि बड़गहन मे दो लोगो का परमिशन हुआ है लेकिन एक परमिशन जो गाटा संख्या 250,316,400 इन गाटा का परमिशन हुआ है लेकिन वही गाटा संख्या 251,241,228,व उसके अगल बगल तमाम गाटा मे अबैध खनन किया जा रहा है।खनन माफिया पूरी तरह से बेलगाम हो चुके हैं और धड़ल्ले से अबैध खनन कर रहे हैं।वही जब इस मामले पर खनन अधिकारी गोरखपुर रामपदारथ सिंह से बात किया गया तो उनका कहना है कि अबैध खनन को लेकर कार्यवाही किया जा रहा है बड़गहन मे अबैध खनन की सूचना मिली है जांच कराकर कार्यवाही किया जायेगा।

बिजली के बिना जलेंगे दिवाली के दिये एवं झालर

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गोरखपुर के बीटेक के पांच छात्र प्रशांत कुमार शर्मा, स्वाति साहनी, शुभम यादव, शुभम उपाध्याय, प्रणन पाण्डेय, विश्वराज सिंह,ने मिलकर इस दिवाली बिना बिजली के जलने वाले सोलर झालर, सोलर दिया व चार्जेबल दिवाली झालर बनाया है ।आईटीएम गीडा के छात्रों द्वारा दिवाली मे प्रयोग किये जाने वाले प्रोडक्टस चाइनीज प्रोडक्टस को कड़ी टक्कर देने के लिये तैयार है छात्रों के द्वारा बनाये गये सोलर झालर और दिये से बिजली की 100% बचत के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से भी ये झालर व दिये सुरक्षित है बाजार मे बिकने वाले मौजूदा दिवाली झालर लाईट 220 वोल्टेज से संचालित होते है इस लिये कई बार इससे लोगो को करंट के झटके भी लग जाते है ' लेकिन सोलर दिवाली झालर लाईट,एलईडी के झालर बैटरी से संचालित होते है ' दो घंटे की धूप मिलने पर भी ये 6 से 8 घंटे तक जल सकते है ' छात्र प्रशांत कुमार, ने बताया सोलर झालर व दियें मे डे नाईट सेंसर लगा है जिसकी मदद से सोलर झालर दियें धूप से चार्ज होते है और रात मे ऑटोमैटिक ऑन हो जाते हैं` इसकी कीमत 10 मीटर 100 एलईडी की लगभग 200 से 300 रुपए हैं` संस्थान के निदेशक डॉ0 एन.के. सिंह ने बताया हमारे छात्रों का प्रयास सराहनीय है` सोलर झालर और दिये से बिजली की बचत के साथ ही वातावरण के भी बहुत लाभदायक होगा` ये झालर 100% वाटर प्रूफ होने के साथ शॉक प्रूफ है`इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, निदेशक फामेर्सी डॉ पी डी पाण्डा डॉ नरेंद्र सिंह डॉ आर एल श्रीवास्तव संकायाध्यक्ष डॉ आर पी सिंह,डॉ ए आर त्रिपाठी, डॉ मनोज कुमार मिश्रा, कुलसचिव डॉ एस के पाण्डेय,उपकुलसचिव के एन प्रसाद, टीम मैनेजर ए के सिन्हा सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने छात्रों को बधाई एवं शुभकामना दिया।

प्रदूषण काल में बढ़े कैंसर को रोकने की चुनौती?

डॉ. रमेश ठाकुर

आमजन में अक्सर ऐसी धारणाएं रही हैं कि कैंसर मुख्यतः तंबाकू, खैनी-गुटखा या शराब के सेवन से ही होता है। पर, कैंसर अब इन वजहों तक ही सीमित नहीं रहा? इस खतनाक बीमारी ने बड़ा विस्तार ले लिया है। कैंसर अब प्रदूषण के चलते भी विशाल मात्रा में होने लगा है। वायु प्रदूषण से सिर्फ अस्थमा, हृदय संबंधी डिजीज, स्किन एलर्जी या आंखों की बीमारियां ही नहीं होती, बल्कि जानलेवा कैंसर भी होले लगा है। इसलिए यहां जरूरी हो जाता है कि वायु प्रदूषण से फैलने वाले कैंसर के प्रति ज्यादा से ज्यादा देशवासियों को जागरूकता किया जाए और प्रत्येक हंथकंड़ों को अपनाकर घरों-घरों तक जागरूकता फैलानी चाहिए। इस काम में सरकारों के साथ-साथ आमजन को भी भागीदारी निभानी होगी। धुंध, प्रदूषित काले बादल व प्रदूषण की मोटी चादर इस वक्त कई शहरों पर चढ़ी हुई है जिसमें दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र सबसे अव्वल स्थान पर है जहां का एक्यूआई लेबर गंभीर स्थिति को भी छलांग लगा चुका है। दिल्ली के अलावा देश के बाकी महानगरों का भी हाल ज्यादा अच्छा नहीं है, वहां भी लोगों को सांस लेना दूभर हो रहा है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

बहरहाल, कैंसर अब नए-नए रूप में उभर रहा है जिसमें दूषित वायु प्रदूषण अहम भूमिका में है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो विषाक्त और दमघोंटू प्रदूषण कई तरीके से कैंसर को जन्म दे रहा है। रिपोर्टस् बताती हैं कि प्रदूषण जब शरीर में घुसता है, तो वो सबसे पहले अंदरूनी कोशिकाओं यानी डीएनए पर प्रहार करके उन्हें डैमेज करता है जो आगे चलकर कैंसर का प्रमुख कारण बनता है। इसके अलावा प्रदूषण से शरीर में इंफ्लेमेशन भी बढ़ता है और इम्यून सिस्टम को बिगाड़ता है। प्रदूषण को लेकर जो स्थिति इस वक्त समूचे हिंदुस्तान में बनी है। ऐसे में हल्के-फुल्के मरीजों के लिए ये वक्त बहुत ही खतरनाक है। ऐसे मरीजों का वायु प्रदूषण के संपर्क में आने का मतलब है कैंसर, स्ट्रोक, श्वसन, हृदय संबंधी रोग और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं को दावत देना? डब्ल्यूएचओ की पिछले साल की एक रिपोर्ट इसी माह नवंबर में आई थी जिसमें बताया गया था कि वायु प्रदूषण से पूरे संसार में प्रतिवर्ष लगभग सात मिलियन मौतें होती हैं जिसमें भारत को दूसरे स्थान पर रखा था। स्थिति इस वर्ष भी भंयकर है। हिंदुस्तान में पिछले तीन वर्षों में कैंसर से अपनी जान गंवाने वालों की संख्याओं पर नजर डालें तो, सन 2020 में 7,70,230 मौतें थी। जो 2021 में बढ़कर 7,89,202 हुई। वहीं, 2022 में यानी पिछले साल भारत में कैंसर से मरने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ, संख्या बढ़कर 8,08,558 पर पहुंच गई। इस साल का आंकड़ा दो महीने बाद आएगा, निश्चित रूप से वो भी डरावना ही होगा। कैंसर को लेकर जागरूकता की कोई कमी नहीं है। केंद्र सरकार से लेकर सभी राज्य सरकारें भी जागरूकता फैलाने में अग्रणी भूमिका निभाती हैं। लेकिन कैंसर है कि रुकने का नाम ही नहीं ले रहा। चिकित्सकों की माने तो कार्सिनोजेन यानी कैंसरजनक जो कैंसर फैलाने वाला पदार्थ है जो तंबाकू, धुआं, पर्यावरण, वायरस किसी से भी हो सकता है।

लक्ष्मी पूजा को लेकर डी जे संचालकों और लक्ष्मी पूजा आयोजकों के साथ हुई पीस कमेटी की बैठक

प्रखर खजनी गोरखपुर। आगामी त्यौहार को देखते हुए सिकरीगंज थाने पर डी जे संचालकों और लक्ष्मी पूजा के आयोजकों के साथ हुई बैठक। सिकरीगंज थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा की आगामी त्यौहार में किसी भी तरह कोई खलल बर्दास्त नहीं किया जायेगा। डी जे संचलको को कड़े रुख में कहा की केवल दो स्पीकर ही बजेगा अस्लील गाना बजाने वालों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जायेगा। कोई भी नई मूर्तियों को नई जगह नहीं बैठायेगा।वही लोग मूर्ति बैठाएंगे जो पिछले कई साल से मूर्ति बैठा रहे है। मूर्ति विसर्जन करने के लिए 13/11/2023 दिन सोमवार और 15/11/2023 दिन बुधवार निर्धारित की गयी है।इस अवसर थानाअध्यक्ष सिकरीगंज राजेश कुमार, एस आई प्रदीप पांडे, एस आई अशोक , एस आई अजीत यादव, जिनकांत तिवारी , सिकरीगंज ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रमोद जायसवाल, डा जय हिंद मौर्य, जय नारायण मौर्य,मोहब्बत आलम , आशुतोष भास्कर रविंद्र सिंह सहित क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

एक्शन में जौनपुर पुलिस, यातायात नियमों का पालना करने पर 208 वाहनों का किया चालान

प्रखर जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात, देवेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक यातायात जी0डी0 शुक्ला, व समस्त उप निरीक्षक यातायात के द्वारा सदर जौनपुर के विभिन्न चौराहों व तिराहों पर ट्रैक्टर- ट्राली पर अवैध सवारी व प्रदूषण फैलाने वाले वाहनो के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया गया । तथा लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कर यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया गया । तथा यातायात नियमों के उलंघन करने पर प्रवर्तन की कार्रवाई में 208 वाहनों का चालान किया गया।

लिटिल फ्लावर स्कूल गीडा.में एथलेटिक मीट का हुआ शुभारंभ

प्रखर गीडा,गोरखपुर। सहजनवां के गीडा. स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल, में 9 नवम्बर दिन बृहस्पतिवार को एथलेटिक मीट का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि फादर जीजो ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके पश्चात स्कूल के बच्चों द्वारा मशाल प्रज्वलित कर बच्चों ने दौड़ लगायी। आज के मुख्य खेल कूद में शॉट पुट,लॉन्ग जम्प , हाई जम्प, सौ मीटर दौड़, दो सौ मीटर दौड़ रिले रेस, सौ मीटर तथा छोटे बच्चों का 60 मीटर दौड़ हुआ। कार्यक्रम के अंत मे प्रिन्सिपल फादर जोशी ने सबको धन्यबाद दिया।

काशी में आयोजित जाड़ता राजा महामंचन के लिए हुई समीक्षा बैठक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मतदाता चेतना महाभियान एवं 21 नवम्बर से 26 नवम्बर तक काशी मे चलने वाले राष्ट्रीय महा मंचन कार्यक्रम "जाड़ता राजा" की समीक्षा बैठक आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता लोकसभा प्रभारी सुशील उपाध्याय ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के मजबुती में मतदाता सूची की बहुत बड़ी भूमिका है।जो समय समय पर संशोधित होती रहती है जिसमें राष्ट्रीय राजनैतिक दल के कार्यकर्ता होने के नाते हम सबकी जिम्मेदारी है कि 18 वर्ष की उम्र के प्रत्येक नागरिक का नाम उसके निवास स्थान के मतदाता सूची में शामिल हो। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा समर्पित राजनीति में भरोसा और विश्वास रखती है और सभी मंडल अध्यक्ष से अपेक्षा है कि प्रत्येक शक्ति केन्द्र पर बूथ अध्यक्षों के साथ प्रवास करें। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि 21नवम्बर से 26 नवम्बर तक काशी में होने वाले राष्ट्रीय सभ्यता संस्कृति और संस्कारों को प्रेरणा प्रदान करने वाले महाराजा शिवाजी के जीवन आदर्शों पर आधारित "जाड़ता राजा" कार्यक्रम में 26 नवम्बर को गाजीपुर के छात्रों, युवाओं, महिलाओं की भारी संख्या दर्शक दीर्घा में उपस्थित रहेगी। उन्होंने कहा कि 15 नवम्बर को स्वतंत्रता सेनानी विरसा मुंडा की जयंती लंका मैदान में धूमधाम से मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में चल रही सरकार जनता की सेवा के प्रति समर्पित होकर कार्य कर रही है और हमारी जिम्मेदारी है कि जनता की हर समस्या को गंभीरता से लेकर उसके समाधान का प्रयास करें। बैठक के अंत में पार्टी के प्रदेश नेता आशुतोष टंडन,गहमर के पुर्व मंडल अध्यक्ष राम अवध सिंह, जमानियां विधानसभा के 315 बारा बुथ अध्यक्ष महादेव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव के भाई अच्छेलाल यादव तथा भांवरकोल मंडल के पुर्व अध्यक्ष रविकांत उपाध्याय की माता जी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील सिंह एवं संचालन जिला महामंत्री प्रवीण सिंह ने किया। बैठक में लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय,प्रो शोभनाथ यादव, विनोद अग्रवाल, विजय शंकर राय, रामनरेश कुशवाहा, रामराज बनवासी,महामंत्री ओमप्रकाश राय, दयाशंकर पांडेय, विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि डा प्रदीप पाठक, श्याम राज तिवारी, सरोज मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा,अखिलेश सिंह,अखिलेश राय,साधना राय, मनोज बिंद, विश्व प्रकाश अकेला, मनोज सिंह, शैलेश राम, संकठा प्रसाद मिश्रा, रुद्र प्रताप सिंह, डॉ मुराहू राजभर, मयंक जायसवाल, कार्तिक गुप्ता, आलोक शर्मा, लालसा भारद्वाज, नीतीश दूबे सहित आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।

गरीबों को मदद के लिए शुरू किया राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस : अशोक

प्रखर शाहगंज जौनपुर। क्षेत्र के सबरहद तालीमाबाद स्थिति सरसैयद अहमद इंटर कालेज में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया गया।मुख्य अतिथि के न आने से मायूस दिखे छात्र।हर वर्ष 9 नवंबर को सभी नागरिकों के लिए उचित निष्पक्ष और न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। विधिक सहायक शाहगंज अशोक कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस सर्वोच्च न्यायालय की ओर से समाज के गरीब और कमजोर वर्ग को सहायता, समर्थन प्रदान करने के लिए आरंभ किया गया है। मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य, संविधान के अनुच्छेद 23 में मानव दुर्व्यवहार या बेगार का शिकार व्यक्ति, महिला या बालक, मानसिक रोगी या विकलांग व्यक्ति, अनपेक्षित अभाव जैसे बहुविनाश, जातीय हिंसा, जातीय अत्याचार, बाढ़, सूखा, भूकंप, औद्योगिक श्रमिक, औद्योगिक संकट के शिकार, कारागृह, किशोर, मनोचिकित्सा अस्पताल, मनोचिकित्सीय परिचर्या गृह में अभिरक्षा में रखे गए लोग, ट्रांसजेंडर समुदाय से संबंधित, ऐसे व्यक्ति जिसकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम हो, एचआईवी या एड्स से पीड़ित व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने का अधिकार रखते हैं। विधिक सेवा प्राप्त करने के हकदार व्यक्ति सादे कागज पर आवेदन कर सकते हैं। कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की ओर से मुफ्त कानूनी सलाह व सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 15100 जारी किया गया है। प्रधानाचार्य मोहम्मद शाहिद नईम ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मिर्जा जरियाब बेग ने किया। इस मौके पर विधिक सहायक अधिकारी शाहगंज महंत राम, शिशिर यादव, मोहम्मद असद खान, आनंद सिंह, मोहम्मद शिराज, हसनैन नियाजी, अ हसन अंसारी, मिर्जा शमीम बेग, दीलीप कुमार, खुर्शीद, राम मिलन, राहुल, लालमन, विनय कुमार समेत समस्त विद्यालय अध्यापक समेत कर्मचारी मौजूद रहे ।

प्राथमिक विद्यालय पिपरा तिवारी के बच्चों में वितरित हुई शिक्षण सामग्री

प्रखर कुशीनगर। नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा गुरुवार को पडरौना विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय पिपरा तिवारी के बच्चों को शिक्षण सामग्री जैसे कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर, बॉक्स इत्यादि वितरित कर उन्हें पढ़ने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बच्चों को पर्यावरण का ख्याल रखते हुए दीपावली का पर्व मनाने का सुझाव देते हुए उन्हें मिट्टी का दीया, तेल, बाती भी भेंट किया गया। बच्चों ने भी पटाखों जैसे हानिकारक चीजों से दूर रहने की बात कही। इस दौरान बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य डॉ0 डीएस तिवारी व दैनिक जागरण समाचार पत्र के कुशीनगर जनपद प्रभारी अजय शुक्ल ने जन्मदिन पर पौधरोपण भी किया। डॉ0 डीएस तिवारी व अजय शुक्ल ने आयोजन हेतु नयी दिशा को धन्यवाद देते हुए बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने और शिक्षण सामग्री के उपयोग करने की बात कही। संस्था अध्यक्ष प्रो0 सीमा त्रिपाठी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ लिखकर आप किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए खूब मन से पढ़ें और अपने माता - पिता, देश व समाज का नाम रौशन करें। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष इंद्र कुमार मिश्र, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक संवर्ग के मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ल, डा0 मृत्युंजय ओझा, अनिल पाठक, प्रधानाध्यापक ब्रजिन्दर प्रसाद, अरविंद कुमार तिवारी, हरिंद्र किशोर तिवारी, सुशीला देवी, फेकनी देवी, किशवंती देवी, अशोक, जितेंद्र शुक्ल, प्रभाकर सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

जिम्मेदारों के सह पर धड़ल्ले से हो रही है अवैध कटान

प्रखर पूर्वांचल गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र के घघसरा चौकी अन्तर्गत पाली ब्लॉक क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटान धड़ल्ले से हो रही है और सप्लाई की जा रही है। बिना किसी रोक टोक के माल जिला बदर भी करा दिया जा रहा है । बशर्ते कोई उपर की टीम रास्ते में न मिले मिलने पर रशुक देकर आगे बढ़ जाते हैं अधिकांशतः ऐ काम रात में ही कराया जाता है जिससे कोई समस्या न हो।और होगा भी क्यों जो जिम्मेदारो को उनका हिस्सा पहुंच रहा है ।क्षेत्र में जहां कटान हो रही है वहां पता चलता है कि परमिट लिया गया है लेकिन सोचने वाली बात यह है। कि परमिट के बावजूद माल रात में ही क्यों भेजा जाता है और आराम से गंतव्य स्थान पर पहुंच जाते हैं।

डीएम की अध्यक्षता में पर्यटन विभाग, जल जीवन मिशन सम्बंधी समीक्षा बैठक हुई आयोजित

प्रखर संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में देर सांय जनपद में पर्यटन के कार्यो एवं पर्यटन की सम्भावनाओ से युक्त स्थलों के प्रस्तावों की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी। पर्यटन अधिकारी विकास नारायण द्वारा अवगत कराया कि जनपद में पर्यटन विभाग की कार्य योजना 2023-24 अंतर्गत कुल 7 योजनाओ को शासन द्वारा अनुमोदित किया गया है। जिसमे से 3 कार्यो यथा सन्त कबीर स्थल मगहर, हरिहरपुर स्थित टिकोइकोल एव मेहदावल स्थित बैजनाथ धाम के पर्यटन विकास के प्राक्कलन तैयार किये जा रहे है। जिलाधिकारी द्वारा सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त योजनाओ के लिए जिम्मेदार वास्तुविद को बुलाकर तत्काल प्राक्कलन पूर्ण कराकर पर्यटन निदेशालय प्रेषित किये जायें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शासन द्वारा स्वीकृत मेहदावल स्थित परसा माफी के कार्यो को तत्काल आरम्भ कराकर प्रत्येक 15 दिन में अद्यतन प्रगति से अवगत कराया जाए तथा बखिरा झील के ईको पर्यटन अंतर्गत विकास हेतु 15 एकड़ भूमि चिन्हित की जा चुकी है। भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण कर यथाशीघ्र ईको टूरिज्म का प्रस्ताव शासन को तैयार कर प्रेषित किया जाए। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जल जीवन से संबंधित विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में फर्म मेघा एवं विश्वराज को मैनपॉवर बढ़ाने के इंस्ट्रक्शन दिए गए तथा कार्यदाई फर्म द्वारा है बताया गया की कुल सात नग परियोजनाएं सिरोंपर जलाशय सहित नवंबर माह के अंत तक पूर्ण कर दी जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा जिला स्तर से सात अधिकारियों की टीम बनाकर नवंबर माह में पूर्ण होने वाली योजनाओं की समीक्षा के संबंध में निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा फर्म मेघा इंजीनियरिंग से प्रीकास्ट सिरोपारी जलाशय के संबंध में शीघ्र प्लांट से उत्पादन हेतु निर्देशित किया तथा प्रशासन स्तर से किसी भी तरह की समस्या होने पर वह बैठक में स्पष्ट रूप से उठाया जाए तथा दी गई प्लानिंग के हिसाब से मैनपॉवर एवं अन्य सामग्रियों की समुचित मात्रा उपलब्ध हो।

जिलाधिकारी ने किया स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री हेतु मेले का उद्घाटन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को रायफल क्लब परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किये जा रहे उत्कृष्ट उत्पादों की बिक्री हेतु दो दिवसीय दीपावली मेले का शुभारम्भ जिलाधिकारी आर्यका अखौरी द्वारा फीता काटकर किया गया। मेले में समूहों द्वारा तैयार किये जा रहे विभिन्न उत्पाद यथा वाल हैंगिंग, धूपबत्ती, अगरबत्ती, डिटर्जेंट, मशाला, गोबर का दिया, सेनेटरी पैड, आवला वर्फी, वर्मी कम्पोस्ट, चायपत्ती, मैट, रुई बत्ती, मोमबत्ती, श्रृंगार सामग्री, तोरण, मूर्ति, दिया, टेडी वियर एवं स्लीपर आदि ब्रिक्री के लिए उपलब्ध है। मेले में जनपद के सभी विकास खण्डों के कुल 37 स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टाल लगाया गया है। जिसका जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने भम्रण कर लगाये गये उत्पादो का अवलोकन तथा साथ ही स्वयं सहायता समूहों के महिलाओं का उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्तस्वतः रोजगार, उपायुक्त श्रम रोजगार, समस्त सहायक विकास अधिकारी (आई एस बी), जिला मिशन प्रबंधक एवं ब्लाक मिशन प्रबंधक उपस्थित रहे।

वाराणसी के सपा नेताओं को मध्य प्रदेश की कमान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मध्य प्रदेश के विधान सभा के चुनाव मे प्रचार प्रसार के लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने वाराणसी के नेताओ को जिममेदारी सौपी है ` मध्य प्रदेश के नागौद विधान सभा के प्रत्याशी रामशरण कुशवाहा के पक्ष मे नागौद विधान सभाओ मे प्रचार प्रसार के लिए सपा नेताओ को प्रभारी बनाया गया है जिसमे वाराणसी के सपा जिलाध्यक्ष सुजित यादव लक्कड़ पूर्व मंत्री विरेन्द्र सिंह,पूर्व मंत्री मनोज राय धुपचंडी, पूर्व विधायक अब्दुल समद अंसारी सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष रहे विष्णु शर्मा ,बुनकर नेता अनवारुल हक अंसारी एवं कैन्ट विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी रहे अतहर जमाल लारी को मध्य प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है` मध्य प्रदेश के प्रभारी के रूप मे सपा प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह , सपा जिलाध्यक्ष सुजित यादव लक्कड़ ,पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ,अनवारूल हक अंसारी आदि लोग मध्य प्रदेश के नागौद मे पहुंचकर चुनाव प्रचार की कमान संभाल चुके है।

स्कूल जा रहे शिक्षक पर हमला

प्रखर बड़ागांव वाराणसी। गुरुवार को सुबह चक्का गांव के पास स्कूल जा रहे शिक्षक को मारने पीटने व कार का शीशा तोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार बरईपुर सारनाथ निवासी शिक्षक सिद्धार्थ पांडेय बड़ागांव थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चिलबिला पर कार्यरत हैं। गुरुवार को सुबह हरहुआ रामेश्वर मार्ग पर स्कूल जाते समय सिद्धार्थ पांडेय स्वयं अपनी कार ड्राइव कर रहे थे। हरहुआ तिराहे पर पास लेने के विषय पर बाइक सवार दबंग से कहासुनी हो गई। वहां तो लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया। लेकिन अपने चक्का गांव के पास पहुंच कर उक्त दबंग ने कार सवार शिक्षक पर हमला बोल दिया। जिससे कार का पिछला शीशा टूट गया । आसपास के लोगों ने किसी तरह शिक्षको की जान बचाई। भुक्तभोगी शिक्षक ने 112 नम्बर पर घटना की सूचना देते हुए बड़ागांव थाने पर तहरीर दी।इधर इस घटना की सूचना मिलने पर शिक्षको में आक्रोश व्याप्त हो गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सकलदेव सिंह के नेतृत्व में शिक्षको का प्रतिनिधिमंडल थानाप्रभारी बड़ागांव से मिलकर इस मामले में हमलावर के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। थानाप्रभारी बड़ागांव राजकुमार पाण्डेय ने शिक्षको के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले की जांच कर हमलावर के विरुद्ध प्रभावी एक्शन लिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में संतोष सिंह, मनोज कुमार सिंह, लोकनाथ राम,उदय प्रताप, राजेश कुमार, अशोक कुमार सहित दर्जनों शिक्षक शामिल थे। खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश यादव ने भी इस घटना का संज्ञान लेते हुए थानाप्रभारी बड़ागांव से बातचीत कर शिक्षक के उपर हमला करने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया।

अष्टम आयुर्वेद दिवस पर हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद थीम पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अष्टम आयुर्वेद दिवस 10 नवम्बर ह्यह्यहर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेदह्यह्य थीम कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समिति की बैठक सम्पन्न की गयी, जिसमें समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि दिनांक 10 नवंबर 2023 को आम जनमान में जागरूकता हेतु रैली का आयोजन किया जायेगा। यह रैली रायफल क्लब गाजीपुर से प्रातः 09.00 बजे से राजकीय सिटी इण्टर कालेज, गाजीपुर को प्रस्थान करेगी। एवं विषय- ह्यह्यमेरे दैनिक जीवन में आयुर्वेद की उपयोगिताह्यह्य पर भाषण प्रतियोगिता, आयुर्वेदिक रेसिपी, स्लोगन, पोस्टर, आर्ट फिल्म, विडीयों स्पीच, प्रश्ननोत्तरी, निबन्ध, माडल मेकिंग कम्पटीशन, वाद-विवाद प्रतियोगिता बच्चों में आयुर्वेदिक थीम पर खेल, कार्टून एवं स्टोरी मेकिंग आदि का आयोजन जिला स्तर पर राजकीय सिटी इण्टर कालेज, गाजीपुर में कराया जायेगा। साथ ही आयुष विधा आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथ अन्तर्गत गाजीपुर क्षेत्रान्तर्गत संचालित समस्त चिकित्सालय प्रभारियों शासन द्वारा निर्दिष्ट कार्यक्रमों के साथ दिनांक 10 नवंबर 2023 को अष्टम आयुर्वेद दिवस हर्षोउल्लास से मनाया जायेगा।

जरूरतमंदो के लिए वरदान साबित हो रहा नयी रोशनी वेलफेयर फाउण्डेशन

प्रखर पूर्वांचल गोरखपुर। उत्तर प्रदेश में पुर्वांचल के विभिन्न हिस्से जैसे- गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर,महराजगंज संत कबीर नगर,बस्ती में जरूरतमंदो के लिए वरदान साबित हो रहा नयी रोशनी वेलफेयर फाउण्डेशन यह संस्था जरूरत मंदों के लिए काभी सहायक साबित हो रही है। नयी रोशनी वेलफेयर फाउण्डेशन के द्वारा गोरखपुर जनपद ही नहीं वरन पूरे पुर्वांचल स्कूलों, कालेजों में जाकर बच्चों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। जरूरतमंदो को आकस्मिक दुर्घटना के समय रक्त दान करवाकर कर भी लोगों का सहयोग कर रही हैं। उसी के क्रम में 9 नवम्बर दिन बृहस्पतिवार को संत कबीर नगर,खलिलाबाद जनपद के दलेलगंज निवासिनी युवती रेहान का आकस्मिक तबियत बिगड़ जाने के बाद सूचना मिलने पर सदर अस्पताल गोरखपुर पहुंच कर नयी रोशनी वेलफेयर फाउण्डेशन के द्वारा रक्तदान किया गया। संस्था के सह संस्थापक राजेश उर्फ. धीरू पाण्डेय ने बताया कि नयी रोशनी वेलफेयर फाउण्डेशन के द्वारा समय-समय पर जरूरतमंदो में दवाईयां,कंबल,खाना,गरीब बच्चों को पढ़ाने,अनाथ बच्चों को सरंक्षण देने सम्बन्धित आदि काम भी किए जा रहे हैं। और यही संस्था का लक्ष्य भी है। इस संस्था में कुल 15 सदस्य हैं जो संगठन के माध्यम से जनहित में कार्य कर रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

दीपावली, भैया दूज, छठ त्यौहार सकुशल संपन्न कराने के लिए डीएम ने नोडल अधिकारी किए नियुक्ति

प्रखर गोरखपुर। जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश ने बताया है कि धनतेरश,छोटी दीपावली,बड़ी दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज को सकुशल सम्पन्न करने के लिए क्षेत्रवार सुपर जोनल अधिकारी के साथ जोनल मजिस्ट्रेट,सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी शिफ्टवार लगाई गयी है। ये सभी अधिकारी/कर्मचारी लक्ष्मी गणेश प्रतिमा स्थल,विसर्जन के समय जुलुस मार्गो,चौराहों तथा विसर्जन स्थल पर उपस्थित रहकर शान्ति व्यवस्था को सुनिश्चित करायेंगे। जिले के ग्रामीण दक्षिणी क्षेत्र,ग्रामीण उत्तरी क्षेत्र एवं नगर क्षेत्र की सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी क्रमशः अपर जिलाधिकारी प्रशासन पुरूषोत्तम दास गुप्ता,मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील कुमार गौड़ एवं अपर जिलाधिकारी नगर अंजनी कुमार सिंह को सौपी गयी। ये अधिकारी अपने काउंटर पार्ट पुलिस अधिकारी के साथ उपस्थित रहकर शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। उन्होंने बताया है कि इन अधिकारियों के अधीन क्षेत्रवार 10 जोनल मजिस्ट्रेट,36 सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गयी है।

पांच दिवसीय स्वर्णमई अन्नपूर्णा दर्शन जगमगा उठा माता दरबार

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। स्वर्णमयी माता अन्नपूर्णा दर्शन 10 नवंबर से मां का पट खुल जायेगा जो 14 नवंबर तक दर्शन चलेगा ` स्वर्णमयी अन्नपूर्णा 5 दिवसीय दर्शन शुक्रवार से शुरू हो रहा है इस मौके पर पूरे मन्दिर परिषर को रंग विरंगे झालरों से सरावोर कर दिया गया` धनतेरस के एक दिन पूर्व रात्रि में पूरे मन्दिर को सुगन्धित फूलो से सजा दिया जाएगा ,माता दरबार मे 511 कुंतल से भोग लगेगा` प्रसाद बनाने का कार्य दशहरा स्थापना पूजन से अन्नपूर्णा दरबार मे प्रसाद बनाने का कार्य शुरू हो जाता है लगभग 85 कारीगर लगे हैं मुख्य कारीगर ने बताया कि तीसरी पीढ़ी से कार्य करती आ रही है जिसमे 30 महिला व अन्य पुरुष होते है` कच्चा पक्का मिलाकर 511 कुंतल होगा आस पास जिलों से भी कारीगरों को बुलाया जाता है इसमे कुछ कारीगर तो पिछले 15 साल से आ रहे है` खास में सुरन का भी लड्डू तैयार किया जा रहा है इसके साथ 40 तरह का मीठा व 16 तरह की नमकीन होगा इस बार मिठाई से झांकी बनी होगी भक्तो को अन्नकूट झांकी दर्शन में दिखेगा` अन्नपूर्णा मंदिर प्रशासन की तैयारी पूरी हो चली है लाखो दर्शन माता दरबार में शीश झुकाएगे` मंदिर में अस्थाई सीढ़िया बनकर तैयार है मंदिर प्रवेश होते ही बाए हाथ को सीढ़ी के माध्यम से स्वर्ण माता अन्नपूर्णा का दर्शन होगा` जगमग हो उठा माता दरबार पूरे मंदिर परिसर को झालरों से सजा दिया गया है लगातार मंदिर में अधिकारी पहुंच रहे है महंत से मुलाकात कर रहे है और बोले की भक्तो को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो।

खलीलाबाद पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को प्रभारी यातायात के द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत किया गया जागरुक

प्रखर संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सन्तकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी यातायात केशवनाथ के निकट पर्यवेक्षण में ह्लयातायात माहह्ल में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्रभारी यातायात परमहंस मय टीम द्वारा खलीलाबाद पब्लिक स्कूल के छात्र एवं छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया। उन्होंने बच्चों से जिम्मेदार बनने और समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने का आह्वान किया। सभी को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग होना चाहिए, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का मतलब है कि आप अपनी जीवन की सुरक्षा के प्रति सजग है। देश में सबसे अधिक सड़क हादसे में ही लोगों की मृत्यु होती है, इस पर रोक यातायात नियमों का पालन करके ही लगाया जा सकता है। छात्र छात्राओं को अपने पास पड़ोस के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया । दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, ट्रिपल राइडिंग न करने, निर्धारित गति में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया । बिना लाइसेंस के गाड़ी न चलाए और न ही चलाने दें। बाइक चलाते समय हमेशा हेलमेट व कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। नशे में किसी को वाहन न चलाने दें। यातायात नियमों का पालन कर खुद सुरक्षित रहने के साथ ही दूसरों को भी सुरक्षित रखा जा सकता है। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक, प्रधानाचार्य सहित विद्यालय के शिक्षकगण व हे0का0 आनंद मोहन सिंह, हे0का0 सुरेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर जागरुकता रैली का हुआ आयोजन

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। शासन के निदेर्शानुसार 9 नवम्बर दिन वृहस्पतिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया गया।इस दिन देश के सभी नागरिकों को उचित निष्पक्ष एवं न्याय प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया जाता है। उसी क्रम में गोरखपुर जनपद के सहजनवां तहसील अंतर्गत श्रीमती रेशमा रावत इंटर कालेज भिटी में अध्यापकों तथा छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर कमजोर वर्गो को कानूनी सहायता प्राप्त करने के बारे में जागरूक किया। रैली को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य अश्वनी प्रताप सिंह ने कहा कि आज के ही दिन सर्वोच्च न्यायालय ने सेवा दिवस का आयोजन किया था।जिसका उद्देश्य गरीब तथा कमजोर वर्ग के लोगो को न्यायिक सहायता तथा समर्थन देना है।उन्होंने कहा कि देश के अंदर ऐसे तमाम दलित शोषित तथा विपन्न लोग है जो अपने अधिकारों की रक्षा नहीं कर पाते है। उनको जगाने के लिए रैली निकाली गई।रैली रेश्मा रावत इंटर कॉलेज से निकलकर भीटी रावत बाजार में होते हुए पुनः विद्यालय पर आकर सभा में बदल गई। रैली में मो.नूर आलम, अवधेश यादव,प्रमोद मिश्र, अनुराग बिहारी सिंह,जयप्रकाश यादव,चंद्रशेखर सिंह सहित छात्र छात्राएं शामिल रही।

नवजीवन इंटर कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

प्रखर पटहेरवा, कुशीनगर। नवजीवन इंटर कालेज पटहेरवा में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और अपने अपने मॉडल प्रदर्शित किए। बच्चों ने रक्त जांच, थ्रीडी होलोग्राफी, घरेलू बिजली के उपकरण, इंटरनेट बैंकिंग, ई-कॉमर्स, सौरमंडल सिस्टम, भारतीय सभ्यता, चन्द्रयान, एयर कूलर, झरना आदि के मॉडल प्रदर्शित किए। अंत में विज्ञान प्रदर्शनी में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबन्धक व पूर्व प्रधानाचार्य व्यास सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना होता है। बच्चे केवल किताबी शिक्षा प्राप्त न करें, बल्कि हर क्षेत्र में आगे आएं। बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा सामने लाने के लिए ही विद्यालय कार्य करते हैं। इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों को एक ऐसा मंच मिलता है जिसमें बच्चे अपनी प्रतिभा को सामने ला सकते हैं। यह प्रदर्शनी छात्रों के बीच टीमवर्क और सहयोग की क्षमता को बढाने में भी मदद करती है। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न मॉडलों व परियोजनाओं के माध्यम से वैज्ञानिक सिद्धांतों की विधियों को लागू करके दिखाया। मॉडलों को देखने के बाद सभी अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा। प्रधानाचार्य रामबच्चन राम ने कहा कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान विषय के प्रति रुचि पैदा करना है ताकि इस विषय को लेकर बच्चे तनाव महसूस न करें। विभिन्न स्कूलों से अध्यापकों एवं बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शन का अवलोकन किया और बच्चों द्वारा बनाए मॉडलों की प्रशंसा भी की। उन्होंने आए सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए आभार प्रकट किया। इस दौरान बृजेश कुमार, ओमप्रकाश, ब्रजभूषण सिंह, दिनेश कुमार गौतम,राजेश वर्मा, सन्तोष कुमार, शैलेष प्रसाद, बलराम, जावेद अहमद, उमेश गौड़,, शिवसागर सिंह, श्रीमती संगीता वर्मा, पुनीता सिंह, अनुज शर्मा, विपिन शर्मा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

10 राज्यों में छापेमारी, 5 राज्यों में मानव तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़

44 लोगों को किया अरेस्ट

चेन्नई ■

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को देश के 10 राज्यों में कई स्थानों पर तलाशी ली, चार मानव तस्करी मामलों में 44 गुर्गों को पकड़ा और पांच राज्यों में पांच मानव तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया।

एनआईए की ओर से एक्स पर किये गये पोस्ट की गई एक प्रेस विज्ञप्ति में एनआईए ने कहा कि 10 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सक्रिय मानव तस्करी नेटवर्क को बड़ा झटका देते हुए, एनआईए ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) तथा राज्य पुलिस के साथ निकट समन्वय में कई राज्यों में एक व्यापक अभियान चलाया। इस ऑपरेशन का उद्देश्य भारत-बंगलादेश सीमा के पार अवैध प्रवासियों की भारत में घुसपैठ में शामिल अवैध मानव तस्करी सहायता नेटवर्क को नष्ट करना था।

गुवाहाटी, चेन्नई, बेंगलुरु और जयपुर में एनआईए शाखाओं में मानव तस्करी के चार मामले दर्ज होने के बाद, एक साथ और सिलसिलेवार छापे और तलाशी ली गई। दस राज्यों अर्थात त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, हरियाणा, राजस्थान, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर स्थान और केंद्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी के 55 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की गयी।

डिजिटल उपकरण जैसे मोबाइल फोन, सिम कार्ड और पेन ड्राइव, फर्जी आधार एवं पैन कार्ड तथा भारतीय व विदेशी मुद्राओं सहित कई पहचान संबंधी दस्तावेज जब्त किए गए। एनआईए ने विभिन्न राज्यों में कुल 44 गुर्गों को पकड़ा और गिरफ्तार किया, जिनमें त्रिपुरा में 21, कर्नाटक में 10, असम में पांच, पश्चिम बंगाल में तीन, तमिलनाडु में दो और पुड्डुचेरी, तेलंगाना और हरियाणा में एक-एक शामिल है।

चेन्नई में तीन स्थानों पर छापे मारे

सूत्रों ने कहा कि बांग्लादेश से शहर सहित देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों की तस्करी के सिलसिले में उपनगरीय चेन्नई में पल्लीकरनई, पदप्पई और केलंबक्कम सहित तीन स्थानों पर छापे मारे गए। इस मामले के संबंध में राष्ट्रव्यापी तलाशी में छापेमारी में कम से कम तीन बंगलादेशी नागरिकों को उठाया गया, जो बुधवार को पदप्पई, मराईमलाई नगर और तिरुवल्लूर में अवैध रूप से रह रहे थे। तीनों खुद को पश्चिम बंगाल या उत्तर पूर्वी राज्यों के प्रवासी श्रमिक बता रहे थे और फर्जी पहचान पत्र के साथ चेन्नई के पास रह रहे थे। इसके अलावा एक अन्य बांग्लादेशी जो मराईमलाई नगर में रह रहा था। वह भी त्रिपुरा के पते से एक नकली आधार प्राप्त करने में कामयाब रहा।

पीएम मोदी ने आडवाणी के 96वें जन्मदिन पर घर पहुंच दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को बीजेपी के वयोवृद्ध नेता लालकृष्ण आडवाणी के जन्मदिन पर उनके घर मिलने पहुंचे। इस मौके पर आडवाणी को उन्होंने फूलों का गुलदस्ता देते हुए 96वें जन्मदिन की मुबारकबाद दी और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस मुलाकात का जो वीडियो सामने आया है उसमें दिखता है कि नरेंद्र मोदी अपने राजनीतिक गुरु रहे आडवाणी का हाथ पकड़कर चलने में सहारा दे रहे हैं। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा अन्य नेता भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात की तस्वीरें भी अपने एक्स अकाउंट पर साझा की हैं।

मणिपुर में भीड़ ने 4 लोगों को अगवा किया

इनमें से 3 आर्मी फैमिली से, कांग्चुप में फायरिंग, 2 पुलिसकर्मी समेत 9 घायल

इंफाल। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में कांग्चुप चिंगखोंग गांव के पास मंगलवार को एक चेकपॉइंट पर मैतेई लोगों की भीड़ ने एक वाहन रोककर उसमें सवार चार कुकी लोगों को अगवा कर लिया।

इनमें से तीन लोग एक सैनिक के परिवार के हैं। इनमें सैनिक की मां भी शामिल है। जैसे ही लोगों के अगवा होने की खबर फैली, कुछ कुकी लोग हाथों में हथियार लिए घटनास्थल पर पहुंचे और कांग्चुप की तरफ फायरिंग शुरू कर दी। इस फायरिंग में दो पुलिसकर्मियों और एक महिला समेत नौ लोग घायल हो गए। घायलों को इंफाल के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूत्रों के मुताबिक, वाहन में एक 65 साल के बुजुर्ग भी सवार थे, जिन्हें मौके पर मौजूद सुरक्षाबलों ने अगवा होने से बचा लिया। उनकी पहचान मंगलून हाओकिप के नाम से हुई है।

चुराचांदपुर से कांगपोकपी जा रहे थे पांचों लोग

पुलिस ने बताया कि पांच कुकी लोग चुराचांदपुर से कांगपोकपी की तरफ जा रहे थे, जब कांगपोकपी बॉर्डर पर इंफाल वेस्ट में दाखिल होते ही मैतेई समुदाय के कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। जानकारी के मुताबिक, सैनिक मणिपुर के बाहर पोस्टेड है। जहां ये वारदात हुई, वो जगह कुकी-जो बहुल कांगपोकपी और मैतेई बहुत इंफाल वेस्ट जिले से लगी हुई है।

आईटीएलएफ ने मैतेई संगठन को दोषी ठहराया

इस घटना को लेकर कुकी समुदाय के इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने केंद्रीय सुरक्षा बलों से अपील की है कि अगवा हुए चारों लोगों की तलाश करें। एक बयान जारी करके आईटीएलएफ ने मैतेई संगठन अरमबाई तेंगोल को घटना का दोषी ठहराया है। आईटीएलएफ ने कहा कि हमें डर है कि कहीं उन लोगों की हत्या न कर दी गई हो।

म्यांमार ने भारत से लगी सीमा सील की

वहीं मणिपुर पुलिस के ष्ठद्बद्ग जोगेशचंद्र हाओबिजाम के नेतृत्व में 11 आईआरबी कर्मियों और 7 कमांडो की टीम ने बॉर्डर एरिया से 40 म्यांमारी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। इधर, मोरेह स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट पर अज्ञात लोगों की अंधाधुंध फायरिंग के बाद म्यांमार ने इंडो-म्यांमार बॉर्डर को सील कर दिया है।

एसआईए ने आतंक वित्त पोषण मामले में मारा छापा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) कथित आतंकवादी वित्त पोषण मामले में बुधवार को कश्मीर और नई दिल्ली में छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि एसआईए के अधिकारियों द्वारा नयी दिल्ली और केंद्र शासित प्रदेश के श्रीनगर, अनंतनाग तथा पुलवामा जिलों में छापेमारी और तलाशी ली जा रही है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी वित्त पोषण मामले में कुछ बड़े नाम रडार पर हैं।

भारत -अमेरिका टू प्लस टू वार्ता शुक्रवार को

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच पांचवीं मंत्री स्तरीय टू प्लस टू वार्ता शुक्रवार को यहां होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर वार्ता में भारत का जबकि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड आस्टिन अमरीका का प्रतिनिधित्व करेंगे विदेश मंत्रालय के अनुसार वार्ता के दौरान दोनों देश रक्षा, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और लोगों के बीच परस्पर संपर्क बढाने के लिए जारी सहयोग की समीक्षा करेंगे। दोनों देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच गत जून और सितम्बर में हुए विचार विमर्श के आधार पर भारत- अमेरिका साझीदारी के भविष्य के रोडमैप पर बातचीत करेंगे।

यमन सेना के चीफ ऑफ स्टाफ हमले में बाल-बाल बचे

सना। यमन के पूर्वोत्तर तेल समृद्ध प्रांत मारिब में हुए विस्फोट में यमन सशस्त्र बल के चीफ ऑफ स्टाफ सगीर बिन अजीज बाल-बाल बच गए। अधिकारी ने देर रात बताया कि जनरल अजीज के काफिले के साथ विस्फोटक से भरे एक वाहन में विस्फोट हो गया, जिससे उनके छह लोग घायल हो गए, जबकि वह सुरक्षित बच गए। यह हमला मारिब में अजीज और देश के राष्ट्रपति नेतृत्व परिषद के सदस्यों सहित अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के बीच एक हाई-प्रोफाइल बैठक के तुरंत बाद हुआ।

आज का इतिहास

- 1236: सुल्तान रुकनुद्दीन फिरोज शाह को फांसी दी गई।
- 1270: महान संत नामदेव का जन्म।
- 1580: स्पेन की सेना ने आयरलैंड पर हमला किया।
- 1729: ब्रिटेन, फ्रांस और स्पेन ने सेवाइल की सन्धि पर हस्ताक्षर कर दो वर्षों से चल रहे ब्रिटिश-स्पेनी युद्ध को समाप्त किया।
- 1794: रुसी सेना ने पोलैंड की राजधानी वारसा पर कब्जा किया।
- 1877: उर्दू के मशहूर कवि मोहम्मद इकबाल का जन्म।
- 1887: अमेरिका को पर्ल हार्बर हवाई के अधिकार मिले।
- 1948: जूनागढ़ रियासत भारत में जुड़ी
- 1960: भारत के पहले एयर चीफ मार्शल सुब्रत मुखर्जी का निधन।
- 1949: कोस्टारिका में संविधान अपनाया गया।

विधानसभा में यौन क्रिया समझाने के बाद नीतीश कुमार ने हाथ जोड़कर माफी मांगी

बोले-शर्म महसूस कर रहा हूं, राबड़ी बोलीं-गलती से मुंह से निकल गया होगा

पटना ■

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने महिलाओं पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर बुधवार सुबह माफी मांग ली। बयान देने के दूसरे दिन उन्होंने विधानसभा के बाहर और सदन में कई बार हाथ जोड़कर खेद प्रकट किया। नीतीश ने कहा, मेरे बयान से किसी को ठेस पहुंची हो तो मैं माफी मांगता हूं। मैं अपनी खुद निंदा करता हूं। मैं न सिर्फ शर्म कर रहा हूं। जनसंख्या नियंत्रण के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है।

मेरा मकसद सिर्फ शिक्षा के बाद जनसंख्या वृद्धि में आ रहे परिवर्तन को बताना था। मैं माफी मांगता हूं। मैं अपने शब्दों को वापस लेता हूं, अगर मेरी कोई बात कहना गलत था, मेरी किसी बात से दुख पहुंचा है तो माफी मांगता हूं। अगर मेरे बयान की कोई निंदा कर रहा है, तो हम माफी मांगते हैं। अगर इसके बाद भी कोई मेरी निंदा करता है तो मैं उसका अभिनंदन करता हूं।

विधानसभा में बीजेपी विधायकों ने उठाई कुर्सियां

बिहार में विधानसभा के शीतकालीन सत्र का बुधवार को तीसरा दिन था। नीतीश विधानसभा पहुंचे तो बाहर बीजेपी विधायक नारेबाजी कर रहे थे। उन्होंने मीडिया के सामने अपने जनसंख्या नियंत्रण वाले बयान पर माफी मांग ली। इसके बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। अंदर भी बीजेपी विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। वो उनके इस्तीफे की मांग पर अड़े थे। नीतीश कुमार ने सदन के अंदर अपनी बात रखी फिर माफी मांगी। इस दौरान बीजेपी विधायकों ने सदन में कुर्सियां उठा लीं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इनके नाम नोट करो। कार्रवाई होगी। बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में मंगलवार को पेश जातीय-आर्थिक सर्वे की रिपोर्ट पर हुई बहस के बाद मुख्यमंत्री जवाब दे रहे । उन्होंने कहा था कि महिला शिक्षित होगी, तो गारंटेड प्रजनन दर कम होगी। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने पति और पत्नी के संबंध और प्रजनन प्रक्रिया का भी जिक्र किया। दरअसल, उनके कहने का मतलब यह था कि पढ़ी-लिखी पत्नी गर्भधारण के अवसरों से बचती है। इसलिए जन्मदर कम हुई है। हालांकि उन्होंने जो बोला, वह शब्दशः यहां लिखा नहीं जा सकता।

महिला आयोग की मांग, नीतीश कुमार के बयान कार्यवाही से निकाले

नई दिल्ली, (आरएनएन)। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बिहार विधानसभा में महिलाओं को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान को कार्यवाही से निकालने की मांग की है। श्रीमती शर्मा ने बुधवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री का महिलाओं के संबंध में दिया गया बयान निंदनीय है। उन्होंने कहा है कि इस तरह के बयान न केवल महिलाओं की प्रगति में बाधक हैं बल्कि उनके अधिकारों और पसंद के प्रति भी संवेदनहीन हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री के बयान देते समय के हाव-भाव एक भद्दा मजाक है।

महादेव सट्टेबाजी एप मामले में प्रमोटर सहित 32 लोगों पर एफआईआर

मुम्बई। मुंबई पुलिस ने महादेव बेटिंग ऐप मामले में 15,000 करोड़ रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में 32 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर के अनुसार, महादेव बेटिंग ऐप एक अवैध जुआ ऐप था।

यह एप 2019 में लॉन्च किया गया था और इसके माध्यम से यूजर क्रिकेट, फुटबॉल, टेनिस और अन्य खेलों में सट्टा लगाते थे। इस केसमें भाजपा ने एक आरोपित शुभम सोनी का वीडियो जारी किया था। उसमें सोनी ने कहा था कि बताया था कि छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल को 2023 के विधानसभा चुनाव के लिए 508 करोड़ रुपए दिए गए थे। माटुंगा पुलिस के अनुसार, ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर, मुख्य आरोपी रवि उप्पल, शुभम सोनी और अन्य लोगों के खिलाफ मंगलवार को पहली एफआईआर दर्ज की गई। 30वीं कुर्ला कोर्ट के निर्देश पर आईपीसी की धारा 420 (धोखाधड़ी), 120-बी (साजिश), आईटी अधिनियम (साइबर आतंकवाद के लिए) और जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

प्रमोटरों ने छग के सीएम बघेल को 508 करोड़ रुपए का भुगतान किया

एफआईआर के मुताबिक, आरोपितों ने साल 2019 से अब तक लोगों से करीब 15,000 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है। बता दें कि ईडी ने पिछले सप्ताह कहा था कि फॉरेंसिक विश्लेषण और एक 'कैश कूरियर' द्वारा दिए गए बयान से चौंकाने खुलासे हुए हैं। यह बात सामने आई है कि महादेव सट्टेबाजी एप के प्रमोटरों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल को अब तक लगभग 508 करोड़ रुपए का भुगतान किया है।

द्रौपदी मुर्मु ने किए भगवान बद्री विशाल के दर्शन

भारतीय वायुसेना के हेलिकॉप्टर से पहुंची

चमोली/देहरादून । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को उत्तराखंड स्थित भू-बैकुंठ धाम पहुंचकर, भगवान बद्री विशाल के दर्शन किए। मंदिर में करीब 25 मिनट तक पूजा करते हुए उन्होंने देश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इससे पहले राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रपति की अगवानी की। श्रीमती मुर्मु कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की बीच, भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से बुधवार सुबह 10:20 बजे बद्रीनाथ आर्मी हेलीपैड पहुंचे। जहां राज्यपाल और मुख्यमंत्री, बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, अन्य जनप्रतिनिधियों सहित जिलाधिकारी हिमांशु खुराना एवं पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने उनका स्वागत किया।

ईडी ने अभिषेक बनर्जी को आज किया तलब

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य के विद्यालयों में नौकरियों के कथित घोटाले को लेकर तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को तलब किया है।

ईडी ने श्री बनर्जी को नौ नवंबर को यहां के सीजीओ कॉम्प्लेक्स, साल्ट लेक में जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। डायमंड हार्बर से लोकसभा सदस्य एवं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे श्री बनर्जी को इस मामले में नौ अक्टूबर को भी तलब किया था लेकिन उस समय वे उपस्थित नहीं हुए थे। गौरतलब है कि जांच कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद संघीय एजेंसी द्वारा की जा रही है।

निदेशालय उक्त घोटाले के लिए धन के लेन-देन की जांच कर रहा है, जिसने राज्य भर में सरकारी प्रायोजित स्कूलों में योग्य उम्मीदवारों को प्रदान किया और कथित अयोग्य उम्मीदवारों को नकदी के बदले नौकरियां प्रदान कीं।

कर्नाटक में कॉन्स्टेबल ने चरित्र संदेह पर किया पत्नी का मर्डर

बेंगलुरु। कर्नाटक में एक पुलिस कॉन्स्टेबल किशोर (34) ने फोन नहीं उठाने पर अपनी पत्नी प्रतिभा (24) की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि घटना 6 नवंबर की है। पत्नी ने 11 दिन पहले एक बेटे को जन्म दिया था। डिलीवरी के बाद वह होसकोटे के पास अपने मायके में थी।

फोन नहीं उठा रही थी पत्नी, रात में 150 कॉल किए, 11 दिन पहले कपल को हुआ था बेटा

आरोपी कॉन्स्टेबल चामराजनगर में तैनात है। किशोर को पत्नी के कैरेक्टर पर शक था। वह उसके कॉल डिटेल्स और मैसेज चेक करता रहता था। घटना से एक दिन पहले दोनों के बीच फोन पर बहस हुई थी। इस दौरान प्रतिभा की मां ने फोन काट दिया था। कॉन्स्टेबल रात भर पत्नी को फोन करता रहा। उसने करीब 150 कॉल किए। जब पत्नी ने फोन नहीं उठाया तो वह अगली सुबह चामराजनगर से 230 किमी दूर पत्नी के मायके गया। वहां उसने पहले खुद जहर खाया। फिर दुपट्टे से गला घोंटकर प्रतिभा की हत्या कर दी।

51 घाटों पर 25 लाख दीपों को सजाने का कार्य शुरू

अयोध्या। दीपोत्सव को एतिहासिक बनाने के लिए जय श्रीराम के उद्घोष के साथ राम की पैड़ी व चैधरी चरण सिंह के 51 घाटों पर वालंटियर्स द्वारा दीपों को सजाने का कार्य शुरू हो गया है। शासन द्वारा निर्धारित 21 लाख दीये प्रज्ज्वलित किए जाने के लक्ष्य को लेकर वालंटियर्स द्वारा 24 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित किए जायेंगे।

दीपोत्सव 2023

डॉ राममनोहर लोहिया अवध विविकी कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के अनुसार इस बार भी दीपोत्सव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप भव्य बनाया जायेगा। 25 हजार से अधिक वालंटियर्स दीपोत्सव में पुनः विश्व रिकॉर्ड स्थापित करेंगे। देर शाम तक सभी घाटों पर वालंटियर्स द्वारा 60 से 70 प्रतिशत दीपों को पर्यवेक्षकों, घाट प्रभारी, घाट समन्वयकों की निगरानी में बिछाया गया। विवि प्रशासन द्वारा दीपोत्सव को आलौकिक बनाने के लिए समस्त समन्वयकों व वालंटियर्स को दीयों, बाती, कैंडल एवं अन्य सामग्री का निर्धारण सुनिश्चित किया जा चुका है। दीपोत्सव से संबंधित जिम्मेदारियों का निवर्हन करने वाले पदाधिकारियों का प्रवेश ही दीपोत्सव स्थल पर अनुमन्य होगा। विवि प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए पहचान-पत्र के साथ ही दीपोत्सव स्थल पर वालंटियर्स एवं अन्य का प्रवेश होगा।

ऑस्ट्रेलिया में सड़क हादसे में भारतीय मूल के पांच लोगों की मौत

मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया में एक पब के बाहरी हिस्से में बनाए गए भोजन करने के स्थान पर एसयूवी कार के घुसने से दो बच्चों सहित भारतीय मूल के दो परिवारों के पांच सदस्यों की मौत हो गई। 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' ने खबर दी है कि रविवार रात को फुटपाथ पर बीएमडब्ल्यू कार चढ़ गई और उसने रॉयल डेलेसफोर्ड होटल के सामने के लॉन में खाना खा रहे लोगों को टक्कर मार दी जिसमें विवेक भाटिया (38), उनका बेटा विहान (11), प्रतिभा शर्मा (44), उनकी बेटी अवनी (9) और साथी जतिन चुघ (30) की मौत हो गई। खबर के मुताबिक, शर्मा और उनका परिवार, दूसरे पारिवारिक मित्रों भाटिया और उनके बेटे विहान के साथ छुट्टी मनाने आया था।

जयपुर से दिल्ली आ रही स्लीपर बस में आग, दो लोगों की मौत

गुरुग्राम। राजस्थान के जयपुर से दिल्ली आ रही स्लीपर बस में भीषण आग लग गई. इस घटना में 2 लोगों की जलकर मौत हो गई है। वहीं, 10-12 लोग झुलस गए हैं। घटना गुरुग्राम में सिग्नेचर टावर फ्लाईओवर पर हुई। झुलसी हुई सवारियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस बुरी तरह से जल गई है। आग पर काबू पा लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि, अभी तक इसका खुलासा नहीं हो सका है कि बस में आग किस कारण से लगी है।

हादसे में 10-12 लोग झुलसे

बताया गया कि, जयपुर से दिल्ली स्लीपर बस (एआर01 के 7707) जब बुधवार देर शाम गुरुग्राम में सिग्नेचर टावर फ्लाईओवर पर पहुंची तो बस में से आग की लपटे उठने लगीं। बस में चीख-पुकार मच गई। बस में काफी सवारियां मौजूद थीं। बस में लगी आग को देखते हुए तत्काल ही इसकी सूचना दमकल विभाग और पुलिस को दी।

Filmi तड़का

सिंघम अगेन से करीना कपूर का फर्स्ट लुक रिवील, हाथ में गन थामी इंटेस दिखी अवनि

मुंबई। रोहित शेट्टी की अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन से करीना कपूर का लुक सामने आ चुका है। कॉप यूनिवर्स की इस फिल्म में करीना बाजीराव सिंघम की पत्नी अवनि के रोल में नजर आएंगी। रोहित शेट्टी ने हाल ही में सोशल मीडिया अकाउंट से करीना का लुक जारी किया है। सामने आई तस्वीर में करीना कपूर जख्मी हालत में, हाथों में गन थामीं हुई बेहद इंटेंस नजर आई हैं। फोटो देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि अपकमिंग फिल्म में वो भी एक्शन करती दिखेंगी। तस्वीर को शेयर करते हुए रोहित शेट्टी ने लिखा, मिलिए सिंघम की ताकत अवनि बाजीराव सिंघम से। हमने सबसे पहले 2007 में साथ काम किया था। अब तक 3 ब्लॉकबस्टर हो चुकी हैं। गोलमाल रिटर्न्स, गोलमाल 3, सिंघम रिटर्न्स और अब हम चौथे प्रोजेक्ट में काम कर रहे हैंजसिंघम अगेन। 16 साल का लंबा एसोसिएशन। कुछ नहीं बदला, बेबो आज भी वही है, सिंपल, स्वीट और हार्डवर्किंग। करीना ने भी अपना लुक रिवील करते हुए लिखा है, ये समय की बात है। कॉप वर्स की सेना के साथ शामिल हो रही हूं। फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग अक्टूबर से हैदराबाद में शुरू हो चुकी है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू होने की जानकारी करीना कपूर ने सोशल मीडिया के जरिए उड़ती हुई कार के साथ तस्वीर शेयर कर दी थी। फिल्म की लीड कास्ट करीना कपूर और अजय देवगन के साथ फिल्म में कई सितारे नजर आने वाले हैं। फिल्म में दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, अक्षय कुमार भी अहम किरदार निभाने वाले हैं। फिल्म से जुड़े किरदारों के लुक भी लगातार रिलीज किए जा रहे हैं।

करण जौहर के शो में हॉट अवतार में दिखीं सारा और अनन्या, डिज़्नी+हॉटस्टार पर आज टेलिकॉस्ट

मुंबई। कॉफी विद करण8 के पहले दो एपिसोड में बॉलीवुड की स्टार जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह और प्रसिद्ध भाई-बहन जोड़ी सनी देओल और बॉबी देओल शामिल हुए थे। अब, फैंस अब तीसरे एपिसोड का इंतजार नहीं कर सकते, क्योंकि सारा अली खान और अनन्या पांडे सोफे पर कॉफी बिखेरती दिखाई देंगी। एपिसोड के प्रोमो में पहले ही झलक मिल गई थी कि यह कितना दिलचस्प होगा। साथ ही एपिसोड से पहले, एक्ट्रेस सारा अली खान ने सेट से करण जौहर के साथ तस्वीरें शेयर कीं और एक दिलचस्प कैप्शन भी लिखा।कुछ समय पहले, सारा अली खान और अनन्या पांडे ने इंस्टाग्राम पर कॉफी विद करण 8 के एपिसोड की तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की है। इसका टेलीकॉस्ट आज होगा।

खबर संक्षेप

टाटा पावर का मुनाफा बढ़कर 1017 करोड़

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र की बिजली कंपनी टाटा पावर का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2023-24 की जुलाई-सितंबर तिमाही में नौ प्रतिशत बढ़कर 1,017.41 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से आमदनी बढ़ने से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। एक साल पहले 2022-23 की इसी तिमाही में कंपनी ने 935.18 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

रेमंड का दूसरी तिमाही का लाभ 161 करोड़

नई दिल्ली। विविध क्षेत्रों में कार्यरत समूह रेमंड लि. का चालू वित्त वर्ष की दूसरी जुलाई-सितंबर का तिमाही का शुद्ध लाभ 161.16 करोड़ रुपये पर लगभग स्थिर रहा। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 161.95 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

रिलायंस कैपिटल को 239 करोड़ रु. का घाटा

नई दिल्ली। रिलायंस कैपिटल को चालू वित्त वर्ष की दूसरी सितंबर में समाप्त तिमाही में 239 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 215 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। कुल आय बढ़कर 6,393 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,796 करोड़ रुपये थी।

बीएचईएल को 238 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 238.12 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी को बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 12.10 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

प्रेस्टीज एस्टेट्स के लाभ में छह गुना इजाफा

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ छह गुना होकर 850.9 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले वर्ष की दूसरी तिमाही 140.7 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। जुलाई-सितंबर में उसकी कुल आय बढ़कर 3,256 करोड़ रुपये हो गई।

मॉयल लिमिटेड का शुद्ध लाभ दोगुना

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की मॉयल लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ लगभग दोगुना होकर 61.52 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 27.34 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। मॉयल लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 368 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 256.82 करोड़ रुपये थी।

बिना पैन-आधार के आप कितना गोल्ड खरीद सकते हैं? जान लीजिए नियम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिवाली पर गोल्ड खरीदने जा रहे हैं तो थोड़ा सावधानी से। दिवाली पर हम शुभ चिन्ह के तौर पर सोना खरीदते हैं, ऊपर से शादियों का मौसम चल रहा है, ऐसे में बड़ी संख्या में आभूषणों की खरीदारी होगी, लेकिन ऐसे में इनकम टैक्स और दूसरे सरकारी नियमों का पता भी होना चाहिए।

- सरकार ने काले धन के इस्तेमाल पर रोक लगाने उठाया कदम

दरअसल, गोल्ड खरीदने और रखने पर कुछ ऐसे जरूरी नियम हैं, जिनका उल्लंघन करने पर आप बड़ी मुसीबत में पड़ सकते हैं, टैक्स अथॉरिटी की नजर में आ सकते हैं। गोल्ड खरीदने जाने पर आपसे पैन कार्ड, या ऐसा ही केआईसी डॉक्यूमेंट मांगा जा सकता है। देश में कुछ-कुछ ट्रांजैक्शंस के लिए पैन कार्ड दिखाना अनिवार्य किया गया है, ताकि काले धन के इस्तेमाल पर रोक लगाई जा सके।

दो लाख से ऊपर का सोना खरीदने पर आपको पैन दिखाना पड़ेगा

कैश में कितना गोल्ड खरीद सकते हैं?

इसके साथ ही ये जानना जरूरी है कि आप 2 लाख रुपए तक का गोल्ड ही कैश से खरीद सकते हैं। इसके ऊपर की कीमत का गोल्ड खरीदने पर आपको पैन कार्ड के साथ इसकी पेमेंट कार्ड या चेक के जरिए करनी होगी। और जहां तक कैश लेन-देन की बात है, इनकम टैक्स एक्ट का सेक्शन है, 269एसटी।



पहले 5 लाख के ऊपर गोल्ड खरीदने पर पैन का था प्रावधान

अगर आप 2 लाख या इसके ऊपर के वैल्यू का सोना खरीदते हैं तो आपको पैन दिखाना पड़ेगा। इनकम टैक्स नियम के सेक्शन 114बी के तहत देश में ये नियम है। 1 जनवरी, 2016 के पहले 5 लाख के ऊपर के गोल्ड परचेज पर पैन दिखाने का प्रावधान था।

नियम तोड़ने पर लगेगी पेनाल्टी

इसके तहत आप एक दिन में 2 लाख से ज्यादा का ट्रांजैक्शन नहीं कर सकते, तो बेसिकली आप 2 लाख से ऊपर कैश देकर गोल्ड खरीदेंगे, तो आप नियम तोड़ रहे होंगे। और इसपर पेनाल्टी भी लगती है, जोकि कैश लेने वाले पर लगती है।

कौन कितना गोल्ड खरीद सकते हैं

एक शादीशुदा महिला अपने पास 500 ग्राम तक गोल्ड रख सकती है। गैर शादीशुदा महिला अपने पास 250 ग्राम तक गोल्ड रख सकती है। एक पुरुष अपने पास 100 ग्राम तक गोल्ड रख सकता है। आप इससे ऊपर के लिमिट में भी गोल्ड रख सकते हैं, लेकिन आपके पास इसका जवाब होना चाहिए कि आपके पास यह गोल्ड कहां से आया है।

सहकारिता मंत्री शाह ने जारी किया बांड

नई सहकारी संस्था एनसीओएल का 'भारत ऑर्गेनिक्स' बांड जारी

मुनाफे का 50 फीसदी किसानों को

शाह ने कहा कि एनसीओएल शुरुआत में भारत में जैविक उत्पाद बेचेगा और बाद में अन्य देशों में विपणन करेगा। मंत्री ने कहा कि एनसीओएल के जरिये जैविक उत्पादों की बिक्री से होने वाले मुनाफे का करीब 50 प्रतिशत सीधे सदस्य किसानों को हस्तांतरित किया जाएगा।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को नव सृजित नेशनल कोऑपरेटिव ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) का 'भारत ऑर्गेनिक्स' ब्रांड जारी किया। उन्होंने कहा कि यह भारत और विदेशों में सबसे 'भरोसेमंद' ब्रांड बनकर उभरेगा।

मंत्री ने कहा कि खुद को सबसे भरोसेमंद ब्रांड के रूप में स्थापित करने के लिए सरकार देशभर में राष्ट्रीय पादप संरक्षण संगठन (एनपीपीओ) द्वारा अनुमोदित प्रयोगशालाओं की संख्या मौजूदा 34 से बढ़ाएगी। शाह ने एनसीओएल का 'लोगो', वेबसाइट और ब्रोशर भी जारी किया। साथ ही उन्होंने पांच सहकारी समितियों को एनसीओएल सदस्यता प्रमाणपत्र प्रदान किए।

मुख्य प्रवर्तक राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड

एनसीओएल का मुख्यालय गुजरात में है। इसकी स्थापना 'मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसायटी एक्ट 2002' के तहत इस साल 25 मार्च को की गई थी। इसका मुख्य प्रवर्तक राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड है।

विश्व बाजार में एक मजबूत ब्रांड बनेगा



शाह ने कहा, "अगले 10 वर्षों में हम 'भारत ऑर्गेनिक्स' को विश्व बाजार में एक मजबूत ब्रांड के रूप में स्थापित होते देख पाएंगे। सहकारी संस्था इस संबंध में एक दीर्घकालिक रणनीति तैयार कर रही है।"उन्होंने कहा कि एनओसीएल ने प्राकृतिक खेती का एक 'डेटाबेस' बनाया है और अगले साल तक 25,000 से अधिक सहकारी समितियां एनओसीएल की सदस्य बन जाएंगी।

खास बातें

- भारत और विदेशों में सबसे भरोसेमंद बांड बनकर उभरेगा
- सरकार मौजूदा 34 प्रयोगशालाओं की संख्या बढ़ाएगी
- शाह ने संस्था का लोगो, वेबसाइड व ब्रोशर जारी किया

छह जैविक उत्पाद होंगे

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छह जैविक उत्पाद अरहर दाल, चना दाल, चीनी, राजमा, बासमती चावल और सोना मसूरी चावल होंगे। मदर डेयरी की 150 सफल दुकानों और ऑनलाइन मंच के जरिये इनकी बिक्री की जाएगी। उन्होंने कहा कि खुदरा दुकानों का एक नेटवर्क तैयार किया जा रहा है।

दिसंबर तक 20 उत्पाद लाए जाएंगे

शाह ने यहां सहकारी समितियों के जरिये जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा, " एनसीओएल जैविक उत्पादकों के लिए एक मंच है। आज हम 'भारत ऑर्गेनिक्स' ब्रांड के तहत छह उत्पाद जारी कर रहे हैं और दिसंबर तक ऐसे 20 उत्पाद लाए जाएंगे।"

मात्र 34 प्रयोगशालाएं अनुमोदित

जैविक उत्पादों को प्रमाणित करने के लिए एनपीपीओ द्वारा अनुमोदित प्रयोगशालाओं के विस्तार की आवश्यकता पर बल देते हुए मंत्री ने कहा कि देश में 246 में से केवल 34 प्रयोगशालाएं एनपीपीओ द्वारा अनुमोदित हैं। उन्होंने कहा कि सरकार खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई और अन्य संगठनों के सहयोग से आने वाले वर्षों में अतिरिक्त 305 प्रयोगशालाएं स्थापित करेगी।

एचपीसीएल अगले साल से दूसरी कंपनियों से डीजल नहीं खरीदेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) आंध्र प्रदेश में अपनी विशाखापत्तनम रिफाइनरी का विस्तार पूरा करने और अगले वित्त वर्ष में राजस्थान में एक नई रिफाइनरी स्थापित करने के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और नायरा एनर्जी जैसी कंपनियों से डीजल खरीदना बंद कर देगी। कंपनी के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। देश में करीब एक-चौथाई पेट्रोल पंप एचपीसीएल के हैं, लेकिन उसके पास पेट्रोल तथा डीजल का उत्पादन करने के लिए पर्याप्त तेल शोधन क्षमता नहीं है। इसलिए इसकी भरपाई के लिए वह मेंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड , गुजरात में रिलायंस इंडस्ट्रीज की जामानगर इकाइयों और नायरा की वाडिनार रिफाइनरी से उत्पाद खरीदती है। पिछले पांच वर्षों में परिसंपत्तियों की 'गुणवत्ता तथा क्षमता को मजबूत करने' में पूंजीगत व्यय पर कंपनी के ध्यान देने के 'अब नतीजे आने शुरू हो गए हैं उन्होंने कहा कि कंपनी पहले ही अपनी मुंबई रिफाइनरी की क्षमता को 75 लाख टन से बढ़ाकर 95 लाख टन प्रति वर्ष कर चुकी है।

- आंध्रप्रदेश में रिफाइनरी का विस्तार पूरा करेगी

61 फीसदी डीजल की मांग पूरी होगी : नारंग ने कहा कि एक बार जब विशाखापत्तनम का विस्तार अगले साल पूरा हो जाएगा, तो एचपीसीएल की अपनी रिफाइनरियां 61 प्रतिशत डीजल की मांग पूरी करेंगी। एचएमईएल 16 प्रतिशत देगी और 23 प्रतिशत बाहरी कंपनियों से लिया जाएगा।

डीजल की आवश्यकता राजस्थान रिफाइनरी से होगी

नारंग ने कहा, 'एक बार जब राजस्थान रिफाइनरी स्थापित हो जाएगी, तो डीजल की पूरी आवश्यकता एचपीसीएल की अपनी तथा संयुक्त उद्यम रिफाइनरियों से पूरी हो जाएगी।'

बिजनेस साइट

इस धनतेरस सहेली ज्वेलर्स में सोने-चांदी की आकर्षक रेंज उपलब्ध

रायपुर। त्योहारों के सीजन में लोग जमकर खरीदारी करते हैं, खासकर धनतेरस के मौके पर सोना-चांदी खरीदना काफी शुभ माना जाता है। अगर आप भी इस बार धनतेरस और दीपावली के मौके पर सोना चांदी खरीदना चाहते है तो दुर्ग व रायपुर शहरवासियों के लिए सहेली ज्वेलर्स सर्वश्रेष्ठ विकल्प है। यहां आपको हर तरह की अंगूठियां, हार, मांग का टीका के उत्कृष्ट डिजाइंस के साथ-साथ और भी बहुत कुछ देखने और खरीदने को मिलेगा। शिल्प कौशल और गुणवत्ता इनकी यूएसपी है। हीरे, सोने और पोल्की के प्रीमियम गुणवत्ता वाले कलेक्शन आपको यहां मिल जायेंगे। अगर आप कुछ अच्छी गुणवत्ता वाले रत्न भी लेना चाहते हैं तो इस धनतेरस और दिवाली पर यह दुकान आपके लिए सबसे ज्यादा उपयुक्त है। धनतेरस त्योहार में भीड़ से बचने के लिए सहेली ज्वेलर्स में प्री-बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है। तो बिना समय गवाएं रायपुर, सदर बाजार व दुर्ग, श्रीशिवम मॉल स्थित सहेली ज्वेलर्स, एक बार जरूर आएं।

शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच रही मामूली बढ़त

मुंबई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बुधवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 33 अंक के लाभ में रहा। एशिया और यूरोप के बाजारों में कमजोर रुख के साथ विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने से बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 33.21 अंक की बढ़त के साथ 64,975.61 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 65,124 अंक तक गया और नीचे में 64,851.06 अंक तक आया।

सेज में कार्यरत इकाइयों को मिल सकती है ढील

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि सरकार विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) में काम करने वाली इकाइयों के लिये कुछ पाबंदियों में ढील देने पर विचार कर रही है। इस पहल का मकसद सेज की वृद्धि को बढ़ावा देना है।

भारत में सेज को व्यापार और सीमा शुल्क के लिए विदेशी क्षेत्र माना जाता है। इसमें शुल्क मुक्त घरेलू बिक्री पर पाबंदी होती है।गोयल ने यहां उद्योग मंडल के एक कार्यक्रम में कहा, हम सेज इकाइयों पर इन प्रतिबंधों में से कुछ को उदार बनाने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं। यह विचाराधीन है।हम सभी संबंधित पक्षों के साथ इसपर चर्चा कर रहे हैं। उम्मीद है कि इससे सेज इकाइयों को बढ़ावा मिलेगा।उन्होंने निर्यात उत्पादों पर शुल्क या करों में छूट (आरओडीटीईपी) की योजना का लाभ सेज इकाइयों को देने की उद्योग की मांग के संबंध में कहा कि मंत्रालय इस बारे में 'सावधानीपूर्वक' कदम उठाएगा। गोयल ने कहा, '' जब हमें पूरा भरोसा हो जाएगा कि इससे विश्व व्यापार संगठन के नियमों का उल्लंघन नहीं होगा, हम इसपर विचार करेंगे। इन क्षेत्रों में निर्यात का सबसे बड़ा क्षेत्र पेट्रोलियम उत्पाद और सॉफ्टवेयर हैं।

- वाणिज्य मंत्री गोयल ने कहा, सरकार कर रही विचार

कंपनियां सरकार से कर रही आग्रह

सेज में काम कर रही कंपनियां सरकार से आग्रह कर रही हैं कि उन्हें शुल्क-मुक्त एफटीए आयात के समान वर्तमान में लागू आयात शुल्क का भुगतान किये बिना घरेलू शुल्क क्षेत्रों या घरेलू बाजारों में अपने उत्पाद बेचने की अनुमति दी जाए। देश के निर्यात में सेज का योगदान महत्वपूर्ण है।

महाराष्ट्र सरकार एयर इंडिया के भवन का करेगी अधिग्रहण

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई के नरीमन पॉइंट स्थित एयर इंडिया की चर्चित इमारत का अधिग्रहण 1,601 करोड़ रुपये में करने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह फैसला मुंबई में प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई बैठक में लगभग 250 करोड़ रुपये की प्राप्त नहीं हुई आय और संपत्ति पर ब्याज को माफ करने का भी फैसला किया गया। इस इमारत का निर्माण 1974 में राज्य सरकार के स्वामित्व वाली भूमि पर किया गया था, जो अब इसका उपयोग अपने कार्यालय के लिए करेगी।

- इमारत का अधिग्रहण 1601 करोड़ में करने का फैसला

डाबर इंडिया अधिग्रहण के अवसर तलाश रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेल, साबुन, शैम्पू जैसे दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली घरेलू कंपनी डाबर इंडिया 7,000 करोड़ रुपये की नकदी के साथ स्वास्थ्य, घरेलू तथा व्यक्तिगत देखभाल क्षेत्र में अधिग्रहण के अवसर टटोल रही है।

कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मोहित मल्होत्रा ने कहा है कि इसके अलावा डाबर ऑनलाइन कारोबार में भी अधिग्रहण करना चाहती है। डाबर ऑनलाइन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ा रही है, जिसमें ई-कॉमर्स चैनल और डी2सी यानी सीधे ग्राहकों को सामान की बिक्री का कारोबार शामिल है। वह मौजूदा ब्रांड के तहत अधिक नवोन्मेषी उत्पाद तथा अधिग्रहण के माध्यम से पैठ बढ़ाने की योजना बना रही है। मल्होत्रा ने कहा, ''हम वहां नवप्रवर्तन ला रहे हैं। ये नवप्रवर्तन मौजूदा ब्रांड के और कुछ नये ब्रांड के आधार पर आएंगे जिन्हें हम पेश कर सकते हैं। हम एक नये ब्रांड के अधिग्रहण पर भी विचार कर रहे हैं। कंपनी अधिग्रहण के साथ त्वचा देखभाल के क्षेत्र में नये ब्रांड पेश कर वृद्धि पर ध्यान दे रही है।

- कंपनी ऑनलाइन कारोबार में भी अधिग्रहण करना चाहती है

आईआरसीटीसी के लाभ में 30 फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी आईआरसीटीसी का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में शुद्ध लाभ 30.36 प्रतिशत बढ़कर 294.67 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का पिछले साल दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 226.03 करोड़ रुपये रहा था। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कुल राजस्व 23.51 प्रतिशत बढ़कर 995.31 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल समान अवधि में 805.80 करोड़ रुपये था। कंपनी के अनुसार, उसके निदेशक मंडल ने प्रति इक्विटी शेयर 2.50 रुपये के अंतरिम लाभांश की घोषणा की है। आईआरसीटीसी का लक्ष्य स्टेशन, ट्रेन और अन्य स्थानों पर खानपान तथा आतिथ्य सेवाओं को उन्नत करना, पेशेवर बनाना और प्रबंधित करना है। इसके अतिरिक्त यह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन दोनों को बढ़ावा देने में सहायक भूमिका निभा रहा है। कंपनी रेल मंत्रालय के अधीन आती है।

एसबीआई के प्रबंध निदेशक चौधरी ने किया आगाह

छोटे वित्त संस्थान आंकड़ों व साइबर सुरक्षा पर दे ध्यान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक आलोक कुमार चौधरी ने बुधवार को कहा कि छोटी राशि के कर्ज देने वाले सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआई) को आंकड़ों की सुरक्षा तथा साइबर सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए।

इसका कारण उनके पास बड़ी संख्या में ग्राहकों के आंकड़े होते हैं। चौधरी ने सा-धन के एक सम्मेलन में कहा कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिये एमएफआई को क्षमता निर्माण पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, दूसरी बात जो बहुत महत्वपूर्ण है वह है उभरते विनियमन के साथ एकीकरण। खासकर जब आपके पास आंकड़ों की गोपनीयता का कानून है।

- इन संस्थानों के पास बड़ी संख्या में ग्राहकों के आंकड़े होते हैं

कर्ज सुविधा बढ़ाने की कोशिश

एसबीआई के प्रबंध निदेशक ने कहा, 'पिरामिड के निचले स्तर के ग्राहकों के लिये हमें यह समझने की जरूरत है कि वे क्या चाहते हैं। इससे आसानी से उनकी इच्छा पूरी की जा सकती है।' एसबीआई के पास एमएफआई के साथ-साथ एनबीएफसी के लिये एक महत्वपूर्ण कर्ज सुविधा है जो वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं।



एसबीआई ने जनधन में 36 फीसदी खाते खोले

सरकार के वित्तीय समावेश अभियान में एसबीआई की भागीदारी के बारे में चौधरी ने कहा, अकेले बैंक ने पीएम जन धन योजना के तहत खोले गये कुल खातों में से 36 प्रतिशत खाते खोले हैं। पिछले नौ साल में पीएम जन धन योजना के तहत 50 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं और जमा राशि बढ़कर 2.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

लेन-देन सुगम बनाने की जरूरत

सभी सूक्ष्म वित्त संस्थानों के पास कई ग्राहकों के आंकड़े हैं। ऐसे में आंकड़ों की सुरक्षा पर ध्यान देना और इस दिशा में काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वित्तीय संस्थानों को डिजिटल माध्यम से लेन-देन सुगम बनाने पर ध्यान देने की जरूरत है और बदलते समय में ग्राहकों की जरूरतों को उनकी सुविधा और सुगमता के अनुसार पूरा करना होगा।

डिजिटलीकरण के कारण बाजार में बड़ा बदलाव

चौधरी ने अटल पेंशन योजना के संबंध में कहा कि एसबीआई ने इस योजना के तहत कुल ग्राहकों में से 32 प्रतिशत को जोड़ा है। इस मौके पर सिडबी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक एस रमण ने कहा कि सूक्ष्म वित्त संस्थानों को अपने ग्राहक आधार के बारे में संतुष्ट नहीं होना चाहिए क्योंकि डिजिटलीकरण के कारण बाजार में बड़ा बदलाव हो रहा है।

सोने में 150 रुपए की गिरावट, चांदी 950 रुपए लुढ़की

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोना 150 रुपये के नुकसान के साथ 61,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 61,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 950 रुपये औंधे मुंह लुढ़ककर 73,600 प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

भारतीय खिलाड़ियों ने किया अभ्यास, बल्लेबाजों को बुमराह ने किया गुमराह

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारतीय क्रिकेटरों ने नीदरलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले विश्व कप के अंतिम लीग मैच से पहले बुधवार को यहां वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग लिया, जिसमें बल्लेबाजों ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की तीखी गेंदों का स्वाद भी चखा। बुमराह की शार्ट पिच गेंद पेट पर लगने के कारण इशान किशन कुछ समय के लिए जमीन पर लेट गए थे। उन्हें इस चोट से उबरने और फिर से अभ्यास शुरू करने में थोड़ा समय लगा।

शुभमन गिल ने मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया और उन पर लंबे शॉट लगाए लेकिन जब उन्होंने बुमराह का सामना किया तो फिर रक्षात्मक बल्लेबाजी की। यह भले ही वैकल्पिक अभ्यास सत्र था लेकिन बुमराह ने एक सेकंड के लिए भी इसे हल्के से नहीं लिया। उन्होंने पूरे 20 मिनट तक अपनी पूरी क्षमता के साथ गेंदबाजी की।

विराट कोहली ने किया आराम

वैकल्पिक अभ्यास सत्र होने के कारण विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव ने इसमें भाग नहीं लिया जबकि अन्य खिलाड़ियों ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की नेट पर समय बिताया। कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका पर 243 रन की बड़ी जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम मंगलवार को यहां पहुंची थी। इसके बाद खिलाड़ियों ने एक दिन विश्राम किया। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम थी।

तीन टीमें, तीन दिन और एक स्थान, अंतिम-4 में किससे भिड़ेगा भारत ?

कोलकाता। *आस्ट्रेलिया की अफगानिस्तान पर चमत्कारिक जीत के बाद यह तय हो गया कि विश्व कप सेमीफाइनल में उसका सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा लेकिन भारत के खिलाफ खेलने के लिए अभी न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और अफगानिस्तान तीनों दौड़ में हैं। न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के आठ आठ अंक हैं लेकिन नेट रनरेट के आधार पर ही उनके क्रम में अंतर है। न्यूजीलैंड का रनरेट (प्लस 0.398) सबसे ज्यादा है तो बेंगलुरु में आखिरी ग्रुप मैच में श्रीलंका से खेलेगी। उसे अच्छे अंतर से जीत दर्ज करने के अलावा यह दुआ भी करनी होगी कि पाकिस्तान (प्लस 0.036) और अफगानिस्तान (माइनस 0.038) हार जाएं। न्यूजीलैंड लगातार चार मैच हार चुका है और बेंगलुरु में मैच के दौरान बारिश की भी संभावना है। ईडन गार्डंस पर भारत और पाकिस्तान के बीच सेमीफाइनल की संभावना बनी हुई है। इसके लिए पाकिस्तान को शनिवार को इंग्लैंड पर धमाकेदार जीत दर्ज करनी होगी। अफगानिस्तान का सामना शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका से होना है।*

खबर संक्षेप

जीत के बारे में सोच रहा था मैक्सवेल

मुंबई। आस्ट्रेलिया के सात विकेट 91 रन पर गिरने के बाद कप्तान पैट कमिंस जब बल्लेबाजी के लिए आए तो उनका लक्ष्य किसी तरह 200 रन तक पहुंचना था ताकि बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप के आखिरी लीग मैच से पहले नेट रनरेट बेहतर रहे। लेकिन ग्लेन मैक्सवेल कुछ और ही सोचकर उतरे थे । आस्ट्रेलियाई कप्तान ने दूसरे छोर से 'वनडे क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ पारी' देखी। मैक्सवेल 128 गेंद में 201 रन बनाकर नाबाद रहे और अपनी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया।

क्वालीफायर मैच कुवैत में खेलेगा फलस्तीन

सिडनी। फुटबॉल आस्ट्रेलिया ने कहा कि उसकी टीम विश्व कप 2026 क्वालीफायर में फलस्तीन के खिलाफ दूसरे दौर का मैच 21 नवंबर को तटस्थ स्थान पर कुवैत में खेलेगी। फुटबॉल आस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, 'क्षेत्र में मौजूदा हालात को देखते हुए एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने

क्रिकेट : नीदरलैंड 160 रन की हार से वर्ल्ड कप से बाहर

वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड की आठ मैचों में दूसरी जीत, स्टोक्स का शतक

एजेंसी ▶▶| पुणे

इंग्लैंड ने आईसीसी वनडे विश्व कप मैच में बुधवार को यहां नीदरलैंड 160 रन से हराकर टूर्नामेंट की दूसरी जीत दर्ज की। दोनों ही टीमें खिताबी दौड़ से बाहर हैं लेकिन विश्व कप में पाकिस्तान को छोड़कर शीर्ष सात स्थानों पर रहने वाली टीमें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करेगी। गत चैंपियन टीम इस मैच से पहले 10वें पायदान पर थी लेकिन बड़ी जीत के बाद इंग्लैंड ने तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच कर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है।

बेन स्टोक्स ने 83 गेंद में 108 रन की पारी के दौरान छह छक्के और इतने ही चौके लगाए जिससे इंग्लैंड ने नौ विकेट पर 339 रन बनाने के बाद नीदरलैंड की पारी को 37.2 ओवर में 179 रन पर समेट दिया। इंग्लैंड के लिए मोईन अली और राशिद खान ने तीन-तीन विकेट लिए। इंग्लैंड को इस मैच में सलामी बल्लेबाज डाविड मलान ने 10 चौके और दो छक्के की मदद से 74 गेंद में 84 रन की पारी खेल तेज शुरुआत दिलाई स्टोक्स को आखिरी ओवरों में वोक्स का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 45 गेंद में 51 रन बनाए। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 81 गेंद में 129 रन की आक्रामक साझेदारी की।

300 रन के पार पहुंचा इंग्लैंड

इंग्लैंड की तरफ से बेन स्टोक्स ने 84 गेंदों पर 108 रन की पारी खेली। उनके अलावा डेविड मलान (87) और क्रिस वोक्स (51) रन की पारी खेली। स्टोक्स ने विश्व कप में अपना पहला शतक जमाया। उनकी पारी में कुल 6 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। नीदरलैंड्स की तरफ से बास डे लीडे ने 3 विकेट झटके, आर्यन दत्त और वान बीके ने 2-2 सफलता हासिल की। वहीं, पॉल वान मीकरन को 1 सफलता मिली।

वर्ल्ड कप : अंक तालिका

टीम	खेले	जीते	हारे	अंक
भारत	8	8	0	16
द. अफ्रीका	8	6	2	12
ऑस्ट्रेलिया	8	6	2	12
न्यूजीलैंड	8	4	4	8
पाकिस्तान	8	4	4	8
अफगानिस्तान	8	4	4	8
इंग्लैंड	8	2	6	4
बांग्लादेश	8	2	6	4
श्रीलंका	8	2	6	4
नीदरलैंड्स	8	2	6	4

शीर्ष स्कोरर

क्विंटन डिकॉक
550 रन
दक्षिण अफ्रीका

शीर्ष विकेट टेकर

दिलशान मधुशंका
21 विकेट
श्रीलंका

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड	रन	गेंद	4	6
बेयरस्टो का मीकेरेन बो दत्त	15	17	2	0
मलान रन आउट	87	74	10	2
जो रूट बो बीक	28	35	1	0
स्टोक्स का एकरमैन बो डी लीडे	108	84	6	6
बुकर का एकरमैन बो डी लीडे	11	16	2	0
बटलर का निदामानुरु बो मीकेरेन	05	11	0	0
मोईन अली का डी लीडे बो दत्त	04	15	0	0
वोक्स का एडवर्ड्स बो डी लीडे	51	45	5	1
विली का एंगेलबेट बो डी लीडे	06	02	0	1
वुड एटकिंसन नाबाद	02	01	0	0
आदिल राशिद नाबाद	01	01	0	0

अतिरिक्त : 21, कुल : 50 ओवर में 339/9

गेंदबाजी : दत्त 10-0-67-2, वैन बीक 10-0-88-2, मीकेरेन 10-0-57-1, डी लीडे 10-0-74-3, मार्ट 3-0-22-0, एकरमैन 7-0-31-0.

नीदरलैंड	रन	गेंद	4	6
बारेसी रन आउट (वोक्स/अली)	37	62	3	1
ओडेड का अली बो वोक्स	05	11	1	0
एकरमैन का बटलर बो विली	00	02	0	0
एंगेलबेट का वोक्स बो विली	33	49	3	1
एडवर्ड्स का मलान बो मोईन	38	42	3	1
बास डी लीडे बो राशिद	10	12	2	0
तेजा निदामानुरु नाबाद	41	34	2	3
वैन बीक का मलान बो राशिद	02	02	0	0
वैन डर मर्व का राशिद बो मोईन	00	04	0	0
आर्यन दत्त बो राशिद	01	03	0	0
वैन मीकेरेन स्टं. बटलर बो मोईन	04	03	1	0

अतिरिक्त : 08, कुल : 37.2 ओवर में 179/10

गेंदबाजी : वोक्स 7-0-19-1, विली 7-2-19-2, एटकिंसन 7-0-41-0, मोईन 8.2-0-42-2, राशिद 8-0-54-3.

मैक्सवेल की धमाकेदार पारी ने कपिल देव की याद दिला दी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

टनब्रिज वेल्स में 1983 में वह सर्दियों की सुबह थी और 40 साल बाद वानखेड़े स्टेडियम पर गुनगुनी शाम, लेकिन जीत का वही जुनून और बल्ले से रनों के रूप में वही आतिशबाजी क्रिकेट की इतिहास पुस्तिका में हमेशा के लिए दर्ज हो गई। उस समय कपिल देव थे तो अब ग्लेन मैक्सवेल।

जिम्बाब्वे के खिलाफ इंग्लैंड में विश्व कप के उस मैच में भारत के पांच विकेट 17 रन पर गिर चुके थे तो अफगानिस्तान के खिलाफ इस विश्व कप में आस्ट्रेलिया ने सात विकेट 91 रन पर गंवा दिए थे। समानताएं यहीं खत्म नहीं होती। 25 जून 1983 को टीम मैनेजर पी आर मान सिंह ने कपिल की बल्लेबाजी के दौरान क्रिस श्रीकांत को बाथरूम जाने नहीं दिया था और वह एक ही जगह पर खड़े रहे। कपिल की बल्लेबाजी के दौरान ड्रेसिंग रूम में कोई जगह से नहीं हिला। कपिल ने 175 रन की पारी खेलकर अनहोनी को होनी कर दिखाया था । इसी तरह मैक्सवेल जब बल्लेबाजी कर रहे थे तो आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में अपनी जगह से तब तक नहीं उठे जब तक उसने मुजीबुर रहमान को छक्का नहीं जड़ दिया।

काश मैक्सवेल के लिए दर्शक दीर्घा में भी फील्डर लगा पाते

मुंबई। वानखेड़े स्टेडियम पर गगनभेदी छक्के लगाने वाले ग्लेन मैक्सवेल की पारी को लेकर अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने कहा कि काश वे दर्शक दीर्घा में भी फील्डर लगा पाते ताकि उन्हें आउट किया जा सके। मैक्सवेल ने पारी की शुरुआत में मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए 128 गेंद में नाबाद 201 रन बनाए जिसमें 21 चौके और 10 छक्के शामिल थे। ट्रॉट ने कहा, 'कुछेक चीजें हम अलग तरीके से कर सकते थे ।

प्रभास के लिए अपनी शादी तोड़ चुकी हैं अनुष्का शेट्टी

साउथ इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी की गिनती इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेस में होती है। उन्होंने साउथ की कई हिट और सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। उनकी फैन फॉलोइंग बड़ी संख्या में है। एक्ट्रेस का जन्म 7 नवंबर, 1981 को मंगलुरु में हुआ था। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपना 42वां जन्मदिम मनाई थी। अनुष्का का नाम इंडस्ट्री में कई बड़े स्टार्स से लेकर क्रिकेटर के साथ जुड़ चुका है, लेकिन उनकी जोड़ी आज भी साउथ सुपरस्टार प्रभास के साथ पसंद की जाती है। दोनों ने साथ में कई फिल्मों में काम किया। हालांकि, दोनों की जोड़ी को सबसे ज्यादा पसंद 'बाहुबली' में किया गया था, जिसके बाद दोनों की शादी की खबरों ने भी खूब सुर्खियां बटोरी थी। वहीं इस बारे में बात करते हुए दोनों स्टार्स ने अपने इंटरव्यू में कहा था दोनों बस अच्छे दोस्त हैं इससे ज्यादा कुछ नहीं। एक्ट्रेस अब 42 साल की हो चुकी हैं और फैंस आज भी उनकी शादी होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उनके फैंस ये जानना चाहते हैं कि एक्ट्रेस ने अभी तक शादी क्यों नहीं की है?

अब तक कुंवारी हैं अनुष्का

वैसे तो, अनुष्का शेट्टी का नाम तलाकशुदा डायरेक्टर से लेकर कई स्टार्स के साथ जुड़ चुका है, लेकिन फैंस को उनकी जोड़ी केवल प्रभास के साथ पसंद आती है। आज भी फैंस दोनों की जोड़ी पर फिदा हैं। कई बार मीडिया में दोनों के डेटिंग की खबरों ने भी खूब सुर्खियां बटोरी। इतना ही नहीं, ऐसी भी खबरें सामने आई थीं कि प्रभास ने उन्हें तीन साल तक शादी भी नहीं करने दी थी। हालांकि, अपने इंटरव्यू के दौरान दोनों इन खबरों को खारिज ही करते आए हैं। दोनों का कहा यही है कि वे महज अच्छे दोस्त हैं और वो भी पिछले 9 सालों से। एक्टर का कहना था, 'जब कलाकार साथ में ज्यादा फिल्में करते हैं तो ऐसी अफवाहें उड़ती ही हैं'।

अंशुला के बाद जाह्नवी ने भी लगाई अपने रिश्ते पर मुहर

अंशुला कपूर और जाह्नवी कपूर दोनों ही बोनी कपूरी की बेटियां हैं। जहां जाह्नवी कपूर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं तो वहीं अंशुला ने भी अपनी वेट लॉस जर्नी को लेकर लाइमलाइट लूटी। हाल में ही दोनों बहनों ने अपने रिलेशनशिप पर मुहर लगाई है। जाह्नवी कपूर के बॉयफ्रेंड का एक रिएक्शन सामने आया जिसके बाद पक्का हो गया कि जाह्नवी रिलेशनशिप में हैं। जाह्नवी से ठीक दो दिन पहले ही अंशुला ने भी अपने प्यार का ऐलान किया था वो भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर के।

ऐसे हुआ जाह्नवी कपूर के प्यार का ऐलान

आपको बता दें कि कैसे जाह्नवी कपूर के रिलेशनशिप का खुलासा हुआ। जाह्नवी कपूर और शिखर पहाड़िया के अफवाह भरे रिश्ते ने कई अटकलों को हवा दे दी है। हालांकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर अपने कनेक्शन को स्वीकार कभी नहीं किया है। कुछ दिन पहले जान्हवी के करीबी दोस्त Orry ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था जिसमें जान्हवी के कथित बॉयफ्रेंड शिखर के साथ खुशी कपूर, सारा अली खान और सुहाना खान नजर आ रही थीं। वीडियो में शिखर गुलाबी रंग की पोशाक में एक महिला के साथ डांस कर रहे थे, जिससे जाह्नवी की दिलचस्पी बढ़ गई। उन्होंने टिप्पणियों में लड़की की पहचान के बारे में पूछा और शिखर ने जवाब दिया, मैं पूरी तरह तुम्हारा हूं। उल्लेखनीय रूप से, इन टिप्पणियों को हटा दिया गया है, लेकिन इसके स्क्रीनशॉट्स तेजी से वायरल हो रहे हैं। वहीं अब बताते हैं कि अंशुला के रिलेशनशिप की खबरें कैसे सोशल मीडिया पर आईं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड रोहन ठक्कर के साथ रोमांटिक तस्वीरें पोस्ट कीं। जाह्नवी के बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के बारे में बताते हैं। शिखर एक राजनीतिक परिवार से आते हैं। उनके दादा महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री थे। उनका नाम सुशील कुमार शिंदे था।

साइको किलर की भूमिका निभाएंगे कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक

कृष्णा अभिषेक को लोग कॉमेडियन के रूप में जानते हैं। कपिल शर्मा के शो में उनकी कॉमिक टाइमिंग की खूब सराहना की जाती है लेकिन अब पहली बार वह एक साइको किलर की भूमिका निभा रहे हैं। जी हां, कृष्णा अभिषेक के मुख्य किरदार से सजी थ्रिलर फिल्म फायर ऑफ लव-रेड इसी महीने 24 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म ट्रेड के विश्लेषक और फिल्म निर्माता राजीव चौधरी (सनी लियोन अभिनीत - बेईमान लव फेम) ने साथी-निर्माता रेखा सुरेंद्र जगताप और जगन्नाथ वाघमारे के साथ अवंती प्राजक्ता आर्ट्स के बैनर तले फिल्म फायर ऑफ लव रेड का निर्माण किया है। यह सिनेमा वरिष्ठ फिल्म मेकर अशोक त्यागी द्वारा लिखित और निर्देशित है।

फिर शिकंजा कस रही टीबी

- विश्व में रिकॉर्ड 7.5 मिलियन लोगों में टीबी का पता चला : डब्ल्यूएचओ
- यह आंकड़ा 1995 के बाद सबसे अधिक है।
- डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेबियस ने कहा, आज हमारे पास ज्ञान और उपकरण हैं, हमारी राजनीतिक प्रतिबद्धता है और हमारे पास अवसर है कि मानवता के इतिहास में किसी भी पीढ़ी को टीबी की कहानी में अंतिम अध्याय लिखने का अवसर नहीं मिला है।
- 2022 में टीबी से संबंधित मौतों की कुल संख्या (एचआईवी वाले लोगों सहित) 1.3 मिलियन थी, जो 2021 में 1.4 मिलियन से कम है। हालांकि, 2020-2022 की अवधि के दौरान कोविड-19 व्यवधानों के चलते टीबी से लगभग पांच लाख अधिक मौतें हुईं। एचआईवी से पीड़ित लोगों में टीबी अभी भी मौत का प्रमुख कारण बना हुआ है।
- मल्टीड्रग-प्रतिरोधी टीबी (एमडीआर-टीबी) एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है।



- 2020 और 2021 में टीबी से पीड़ित नए लोगों की संख्या में वैश्विक कमी में भारत, इंडोनेशिया और फिलीपींस का योगदान 60 प्रतिशत से अधिक है

जिनेवा (आईएएनएस)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की 2023 वैश्विक टीबी रिपोर्ट से यह बात सामने आई है कि 2022 में दुनिया भर में 7.5 मिलियन लोगों में तपेदिक (टीबी) का पता चला। यह आंकड़ा 1995 के बाद से सबसे अधिक है। 192 देशों और क्षेत्रों के डेटा को पेश करने वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि कई देशों में स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि के कारण ये आंकड़े सामने आए। इसने कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न व्यवधानों के बाद, 2022 में टीबी निदान और उपचार सेवाओं के पैमाने में एक महत्वपूर्ण विश्वव्यापी सुधार को रेखांकित किया। हालांकि, इसने नए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए त्वरित प्रयासों का भी आह्वान किया। 2020 और 2021 में टीबी से पीड़ित नए लोगों की संख्या में वैश्विक कमी में भारत, इंडोनेशिया और फिलीपींस का योगदान 60 प्रतिशत से अधिक है। 2022 में सभी 2019 के स्तर तक पहुंच गए।

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेबियस ने बयान में कहा, सहस्राब्दियों तक हमारे पूर्वज टीबी से पीड़ित रहे और मर गए, बिना यह जाने कि इसका कारण क्या था या इसे कैसे रोका जाए। उन्होंने कहा, आज हमारे पास ज्ञान और उपकरण हैं जिनके बारे में उन्होंने केवल सपना देखा होगा। हमारी राजनीतिक प्रतिबद्धता है और हमारे पास अवसर है कि मानवता के इतिहास में किसी भी पीढ़ी को टीबी की कहानी में अंतिम अध्याय लिखने का अवसर नहीं मिला है। वैश्विक स्तर पर, 2022 में अनुमानित 10.6 मिलियन लोग टीबी से बीमार पड़े, जो 2021 के 10.3 मिलियन से अधिक है। भौगोलिक दृष्टि से 2022 में टीबी से पीड़ित अधिकांश लोग दक्षिण-पूर्व एशिया (46 प्रतिशत), अफ्रीका (23 प्रतिशत) के डब्ल्यूएचओ क्षेत्र में थे।

वहीं पश्चिमी प्रशांत (18 प्रतिशत), पूर्वी भूमध्य सागर (8.1 प्रतिशत), अमेरिका (3.1 प्रतिशत) और यूरोप (2.2 प्रतिशत) में छोटे अनुपात के साथ थे। 2022 में टीबी से संबंधित मौतों की कुल संख्या (एचआईवी वाले लोगों सहित) 1.3 मिलियन थी, जो 2021 में 1.4 मिलियन से कम है। हालांकि, 2020-2022 की अवधि के दौरान कोविड-19 व्यवधानों के चलते टीबी से लगभग पांच लाख अधिक मौतें हुईं। एचआईवी से पीड़ित लोगों में टीबी अभी भी मौत का प्रमुख कारण बना हुआ है। मल्टीड्रग-प्रतिरोधी टीबी (एमडीआर-टीबी) एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बना हुआ है। जबकि अनुमानतः 2022 में 410,000 लोगों में मल्टीड्रग-प्रतिरोधी या रिफैम्पिसिन-प्रतिरोधी टीबी (एमडीआर/आरआर-टीबी) विकसित हुई, लेकिन पांच में से केवल दो लोगों को ही इलाज मिल सका। नए टीबी निदान, दवाओं और टीकों के विकास में कुछ प्रगति हुई है। हालांकि, यह इन क्षेत्रों में निवेश के समग्र स्तर से बाधित है। 2022 में महत्वपूर्ण सुधार के बावजूद, 2018 में निर्धारित वैश्विक टीबी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रगति अपर्याप्त थी, जिसमें महामारी के कारण होने वाले व्यवधान और चल रहे संघर्ष प्रमुख योगदान कारक थे। 2015 से 2022 तक टीबी से संबंधित मौतों में 19 प्रतिशत की कमी थी, जो 2025 तक डब्ल्यूएचओ एंड टीबी रणनीति के 75 प्रतिशत की कमी के अनुमान से काफी कम है।

आइब्रो थ्रेडिंग से डरते हैं अमिताभ

नई दिल्ली (आईएएनएस)। कौन बनेगा करोड़पति के होस्ट अमिताभ बच्चन ने आइब्रो थ्रेडिंग को दर्दनाक प्रक्रिया बताते हुए पूछा कि महिलाएं अपनी आइब्रो बनवाते समय इतना दर्द कैसे सहन करती हैं? शो में पूछा गयाः इनमें से किस अंग की आम तौर पर ब्यूटी ट्रीटमेंट के दौरान थ्रेडिंग की जाती है? थ्रेडिंग का जिक्र करते हुए अमिताभ ने कहा,यह दर्द से भरा है। सभी महिलाएं थ्रेडिंग करती हैं। कंटेस्टेंट ने उत्तर दिया : सर, दर्द के बिना कोई लाभ नहीं। यदि आप



सुंदर दिखना चाहते हैं तो आपको दर्द सहना होगा।अभिनेता ने कहा, मेरा मानना है कि इसकी जरूरत नहीं है। आपकी आईब्रो स्वाभाविक रूप से सही शेप में हैं। इसकी प्रक्रिया दर्दनाक है। महिलाएं सोच रही होंगी कि मैं इसके बारे में इतना कैसे जानता हूं। आप उंगलियों के चारों ओर धागा लपेटें और बालों को बाहर निकालें। क्या यह सही है? सभी ने हाँ कहा और हंसे। इसके बाद अभिनेता ने पूछा, मैं महिलाओं से पूछना चाहता हूं कि वे इतना दर्द कैसे सहन करती हैं। कंटेस्टेंट ने कहाः जैसा कि मैंने पहले कहा था, दर्द के बिना कोई लाभ नहीं है। अमिताभः आपको क्या मिला? कंटेस्टेंटः आपके कमेंट्स और तारीफें।

प्रभावशाली विज्ञापन बनाने के लिए एआई टूल पेश कर रहा गूगल

नई दिल्ली (आईएएनएस)। गूगल ज्यादा प्रभावशाली विज्ञापन बनाने, कुछ ही क्लिक में कैंपेन के लिए नए टेक्स्ट और इमेज एसेट्स तैयार करने के लिए नए जेनरेटिव एआई-संचालित फीचर पेश कर रहा है। अगर आप क्रिएटिव एजेंसी या ब्रांड हैं, तो आप परफॉर्मेंस मैक्स ऐड कैंपेन प्रोडक्ट के माध्यम से नई हेडलाइन, डिस्क्रिप्शन और इमेज जनरेट कर सकते हैं, जिससे आप टॉप पर नए क्रिएटिव कॉन्सेप्ट्स को तुरंत आजमा सकते हैं। गूगल ने मंगलवार देर रात एक ब्लॉग पोस्ट में कहा, फिर, आप मौजूदा और जेनरेट की गई दोनों इमेज की वेरिएशन को आजमाने के लिए इमेज एडिटिंग का इस्तेमाल कर सकते हैं। 'परफॉर्मेंस मैक्स' को सर्च, यूट्यूब, डिस्प्ले, डिस्कवर, जीमेल और मैप्स सहित सभी गूगल ऐड इन्वेंट्री पर काम करने के लिए 2021 में पहले एआई-संचालित कैंपेन के रूप में लॉन्च किया गया था। कंपनी ने कहा, हमने इस साल की शुरुआत में गूगल मार्केटिंग लाइव में परफॉर्मेंस मैक्स में जेनरेटिव एआई फीचर्स की घोषणा की थी और आज हम उन्हें यूएस में सभी ग्राहकों के लिए बीटा के रूप में रोल आउट करना शुरू कर रहे हैं। इससे मार्केटर्स को बड़े पैमाने पर मदद करने और हाई-क्वालिटी एसेट्स बनाने में परफॉर्मेंस मैक्स और भी बेहतर हो जाएगा। गूगल एआई ऐसी एसेट्स उत्पन्न करेगा जो आपको गूगल की सभी परफॉर्मेंस इन्वेंट्री और फॉर्मेट्स में कस्टमर्स तक पहुंचने में मदद करेंगी।

अमेरिका में 888 स्क्रीन पर रिलीज होगी रणबीर कपूर की 'एनिमल'

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर की आने वाली फिल्म एनिमल अमेरिका में 888 स्क्रीन पर रिलीज होगी। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर,अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका में हैं। 'एनिमल' इतने बड़े पैमाने पर रिलीज होने वाली पहली हिंदी फिल्म बन गई है। कुछ दिन पहले न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर बिलबोर्ड पर भी'एनिमल'का टीजर दिखाया गया था। अमेरिका में इसे'सेंटर ऑफ द यूनिवर्स'भी कहा जाता है। यह दुनिया की एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का मेजर सेंटर भी माना जाता है। फिल्म एनिमल 01 दिसम्बर को रिलीज होगी। फिल्म एनिमल भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी की सिने1 स्टूडियो और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिश्चर्स द्वारा निर्मित है।

सुशांत सिंह राजपूत को याद कर रोईं अंकिता लोखंडे, कहा- 'उस पर गर्व'

मुंबई (आईएएनएस)। एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे को एक बार फिर कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो 'बिग बॉस 17' में दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के बारे में बात करते देखा गया। वह उन्हें याद करते हुए भावुक हो गईं। अंकिता को अपने को-हाउसमेट अभिषेक कुमार के साथ बातचीत करते देखा गया। उन्होंने अभिषेक से कहा कि वह उन्हें सुशांत की याद दिलाते हैं।

वह अभिषेक से कहती हैं, 'जब तू शर्ट के बिना घूमता है तो मुझे सुशांत याद आ जाता है। तू उसकी तरह लगता है। उसका फिजीक ऐसा ही था। लेकिन वो बिल्कुल भी गुस्सा नहीं करता था। बहुत शांत था सुशांत।' अंकिता ने कहा, सुशांत बहुत ज्यादा मेहनती था। अलग ही लेवल का हार्ड वर्क था। इतना बोलते ही वह भावुक हो उठीं। 'पवित्र रिश्ता' के सेट पर सुशांत के साथ डेटिंग शुरू करने वाली एक्ट्रेस ने शेयर किया कि वह क्रिटिसिज्म को लेकर सेंसिटिव था। अंकिता ने कहा, जरा सा ऊपर-नीचे होता तो वह परेशान हो जाता था,... लोग उसके बारे में क्या बोल रहे हैं, इससे उस पर असर पड़ेगा। इसके बाद, उन्होंने कहा कि जब वह दिवंगत अभिनेता के बारे में बोलती हैं तो उन्हें गर्व महसूस होता है। इसके बाद अभिषेक ने पूछा कि जब दिवंगत अभिनेता के निधन की खबर सामने आई तो क्या उनके पति विक्की जैन ने उनका साथ दिया था।



फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया

स्वीडन (द कन्वरसेशन)। इस साल की शुरुआत में कुछ लोगों ने फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया के बारे में शायद तब सुना होगा, जब ब्रूस विलिस के परिवार ने घोषणा की कि 68 वर्षीय अभिनेता को इस विकार से पीड़ित होने का पता चला है। फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया एक दुर्लभ बीमारी है - ऐसा माना जाता है कि डिमेंशिया के हर 20 मामलों में से केवल एक ही ऐसा होता है। लक्षण आमतौर पर किसी व्यक्ति में 50 वर्ष की आयु के अंत में विकसित होते हैं, जो सबसे पहले उनके व्यवहार, व्यक्तित्व और भाषा क्षमता को प्रभावित करते हैं। मनोभ्रंश के अन्य रूपों के विपरीत, स्मृति केवल बीमारी के अंतिम चरण में क्षीण होती है।

फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया से पीड़ित लोग आमतौर पर निदान के आठ साल के भीतर मर जाते हैं। जबकि लगभग 30% मामले आनुवंशिक मिले हैं, फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया का कारण काफी हद तक अज्ञात है। इसका मतलब यह भी है कि इसकी प्रगति को धीमा करने के लिए कोई इलाज उपलब्ध नहीं है। लेकिन हालिया शोध ने हमें इस समझ में एक कदम और करीब ला दिया है कि फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया कैसे विकसित और प्रगति करता है। हमने पाया कि आपका मस्तिष्क जिस तरह दिखता है वह स्थिति के प्रति आपका लचीलापन निर्धारित कर सकता है।



एक दुर्लभ बीमारी - डिमेंशिया के हर 20 मामलों में से केवल एक ही ऐसा होता है

- लक्षण आमतौर पर किसी व्यक्ति में 50 वर्ष की आयु के अंत में विकसित होते हैं, जो सबसे पहले उनके व्यवहार, व्यक्तित्व और भाषा क्षमता को प्रभावित करते हैं।
- स्मृति केवल बीमारी के अंतिम चरण में क्षीण होती है।
- फ्रंटोटेम्पोरल डिमेंशिया से पीड़ित लोग आमतौर पर निदान के आठ साल के भीतर मर जाते हैं।

मस्तिष्क मुड़ जाता है- गर्भावस्था के दौरान, जैसे भ्रूण का मस्तिष्क गर्भ के भीतर बढ़ता है, खोपड़ी के भीतर विस्तार करते हुए अपनी विशिष्ट तहें विकसित करता है। मस्तिष्क की ये तहें हमारे बाद के संज्ञानात्मक कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भ्रूण के विकास के आरंभ में बनने वाली तहें प्रत्येक व्यक्ति के मस्तिष्क के दोनों किनारों पर पाई जाती हैं। लेकिन एक तह है जो कभी-कभी इस प्रक्रिया में बाद में विकसित होती है। इसे पैरासिंगुलेट सल्कस कहा जाता है - और यह हर किसी के पास नहीं होता है। जिन लोगों में यह होता है, उनमें यह या तो मस्तिष्क के केवल एक तरफ या दोनों तरफ मौजूद हो सकता है।

8 दिसम्बर को रिलीज होगी मनोज की फिल्म जोरम

मुंबई (वार्ता)।अभिनेता मनोज बाजपेयी की फिल्म जोरम 8 दिसम्बर को रिलीज होगी। जी स्टूडियो की फिल्म 'जोरम' में मनोज बाजपेयी, मोहम्मद जीशान अय्यूब, राजश्री देशपांडे, तनिष्ठा चटर्जी और स्मिता तांबे जैसे कलाकार नजर आएंगे। देवाशीष मखीजा द्वारा निर्देशित, लिखित और तैयार की गई इस फिल्म को शारिक पटेल, आशिमा अवस्थी चौधरी, अनुपमा बोस और देवाशीष मखीजा द्वारा निर्मित किया गया है ।

मराठी एक्सट्रेस ने अपने बेटे से फैन के व्यवहार पर जताई चिंता



पुणे (आईएएनएस)। मराठी फिल्म और टेलीविजन अभिनेत्री उर्मिला निंबालकर ने इस सप्ताह एक फैन के साथ हुए खराब अनुभव के बारे में बताया है। यह मामला पुणे स्ट्रीट मार्केट का है जहां वो अपने पति सुकीर्ति और दो साल के बेटे अथांग के साथ दिवाली की खरीदारी के लिए गई थी। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री ने कहा कि जब वे स्काई लैंटर्न खरीद रहे थे, तभी एक महिला फैन अचानक पीछे से आई, और उसने अथांग को पकड़ लिया और उसके गालों को जोर से खींच लिया। बच्चा बहुत डर गया और रोने लगा। उसकी उम्र में, ऐसी प्रतिक्रिया बहुत स्वाभाविक थी...। उन्होंने आगे कहा, इसे 'स्ट्रेंजर डेंजर' भी कहा जाता है। 25 महीने के बच्चे को उसकी इच्छा के विरुद्ध खींचना, तस्वीरें लेना और उसे अपने करीब खींचनाअनुचित और असुरक्षित है। निंबालकर ने कहा, अगर आप कहें तो केवल फोटो ही क्यों, हम आपके घर भोजन के लिए भी आ सकते हैं, लेकिन एक बच्चे के साथ ऐसा व्यवहार मुझे स्वीकार्य नहीं है।

सलमान खान का 'टाइगर 3' में 10 मिनट का एंट्री सीक्वेंस

मुंबई (आईएएनएस)। टाइगर 3 के निर्देशक मनीष शर्मा ने कहा कि सुपरस्टार सलमान खान का फिल्म में एक्शन, स्टंट, ग्रिप और इफेक्ट्स के साथ 10 मिनट का एंट्री सीक्वेंस है। मनीष शर्मा ने कहा, सलमान खान ने हमें अनगिनत यादगार एंट्री सीक्वेंस दिए हैं, यह उन प्रतिष्ठित क्षणों में से एक है जिसका सलमान के प्रशंसक और हिंदी फिल्म प्रेमी इंतजार करते हैं। उन्होंने आगे कहा, बेहतरीन एक्शन स्टंट और प्रभाव वाले लोगों ने एक साथ मिलकर 10 मिनट का ब्लॉक तैयार किया जो टाइगरकी प्रविष्टि के साथ न्याय करता है। उन्होंने कहा, यह एंट्री सीक्वेंस फिल्म का मुख्य आकर्षण है और इसमें एक रोमांचक एक्शन सीक्वेंस शामिल है जो भाई के प्रशंसकों को याद दिलाता है कि टाइगर कितने कूल हैं। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित, 'टाइगर 3' 12 नवम्बर को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। फिल्म में कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी हैं।

प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओ को राहत, 31 दिसंबर तक चलेगी एक मुश्त समाधान योजना

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश के सम्मानित उपभोक्ताओं को सुविधा देने के लिए एक मुश्त समाधान योजना प्रारम्भ किया गया है। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कलेक्ट्रट के एनआईसी कक्ष में प्रेस प्रतिनिधियो से प्रेसवार्ता कर इस योजना के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि इस योजना के माध्यम से 08 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2023 तक जनपद के उपभोक्ताओ को लाभ मिलेगा। इसमे छोटे उपभोक्ताओ को सरचार्ज में 100 प्रतिशत छूट के लाभ प्राप्त होगे। इसके साथ ही विगत मे जारी आर0 सी0 वाले उपभोक्ताओ को भी छूट का लाभ मिलेगा।

उन्होने बताया कि यह योजना 08 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2023 तक कुल 54 दिनों तक तीन चरणों में लागू की गयी है। इस योजना का पहला चरण 08 से 30 नवम्बर, दूसरा चरण 01 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तथा तीसरा चरण 16 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक चलेगा। इस योजना के अन्तर्गत घरेलू उपभोक्ताओं तथा किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है, इसके तहत समस्त विद्युत भार के एल0एम0वी0-1 (घरेलू), एल०एम०वी०-2 (वाणिज्यिक), एल0एम0वी0-4बी (निजी संस्थान), एल०एम०वी०-5 (निजी नलकूप) एवं एल0एम0वी0-6 (औद्योगिक) उपभोक्ताओं को सरचार्ज राशि पर अधिकतम 100 प्रतिशत की छूट प्रदान की गयी है। साथ ही साथ उपभोक्ताओं को उनके बकाये पर किस्तों में भुगतान की सुविधा का विकल्प भी दिया गया है। योजना के अन्तर्गत विद्युत चोरी के प्रकरणों में सम्मिलित व्यक्तियों को एक मुश्त भुगतान या किस्तों के माध्यम से अपने जुमार्ने की राशि के निस्तारण पर छूट का अवसर प्रदान किया गया है। योजनान्तर्गत 01 कि0वा0 तक भार वाले उपभोक्ताओं द्वारा प्रथम व द्वितीय चरण में पूर्ण भुगतान पर सरचार्ज में राशि में 100 प्रतिशत की छूट तथा तीसरे चरण में 80 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसी प्रकार प्रथम एवं द्वितीय चरण में 12 किस्तों में भुगतान पर 90 प्रतिशत तथा तृतीय चरण में 70 प्रतिशत की छूट मिलेगी। 01 कि0वा० से अधिक भार वाले उपभोक्ताओं को प्रथम अवधि में पूर्ण भुगातन पर 90 प्रतिशत, द्वितीय अवधि में 80 प्रतिशत तथा तृतीय अवधि में 70 प्रतिशत की छूट मिलेगी। उपभोक्ताओं को अपने विद्युत बिलों को किस्तों में भी भुगतान का विकल्प दिया गया है। किस्तों को नियत अवधि में जमा न करने पर 12 किस्तों के मामले में अधिकतम कुल 03 डिफाल्ट की अनुमति होगी। किसी भी उपभोक्ता को लगातार दो डिफाल्ट की अनुमति नहीं होगी। इसी प्रकार छः किस्तों के प्रकरण में केवल एक डिफाल्ट की अनुमति होगी तथा छः किस्तों से कम के मामलों में कोई डिफाल्ट की अनुमति नहीं होगी। योजनान्तर्गत निजी नलकूप के उपभोक्ताओं को उनके 31 मार्च 2023 तक के देय सरचार्ज एवं अन्य सभी अर्ह उपभोक्ताओं को उनके 31 अक्टूबर 2023 तक के देय सरचार्ज में छूट प्राप्त होगी। उपभोक्ता योजना अवधि में छूट के बाद देय धनराशि का सीधा भुगतान यू०पी०आई० जनसेवा केन्द्र, विद्युत सखी, मीटर रीडर, राशन की दुकान, किसी भी विभागीय कैश काउण्टर तथा वेबसाईट पर ऑनलाइन भुगतान से इस छूट का लाभ ले सकते हैं। उपभोक्ता कारपोरेशन की वेबसाइट पर जाकर योजना के अन्तर्गत छूट के बाद देय राशि की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। विद्युत बिल पर लिखा खाता संख्या फीड करते ही उपभोक्ता को समस्त विवरण जिसमें देय धनराशि, मूल धनराशि, सरचार्ज में छूट भुगतान हेतु राशि आदि परिलक्षित होगी।

पटाखे की दुकान खोलने के लिए लेना होगा अस्थाई लाइसेंस

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। दीपावली और छठ त्योहार के मद्देनजर शहर में आतिशबाजी की बिक्री के लिए जिला प्रशासन ने अस्थाई लाइसेंस देने का निर्णय लिया है। आतिशबाजी की बिक्री को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने शहर के व्यापारियों के साथ बैठक करते हुए जरूरी दिशा निर्देश जारी किया है। आतिशबाजी की बिक्री के दौरान किसी भी प्रकार के अनचाहे हादसे से बचने के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। प्रत्येक दुकान पर अग्निशमन उपकरण रखने के साथ सुरक्षा के सभी मानकों को पूरा करना होगा। उप जिला अधिकारी शेखर ने बताया की दीपावली को लेकर शहर में पटाखे की अस्थाई दुकानें लगती है, जिसके लिए शासन द्वारा निर्धारित मानको को पूरा करने के लिए व्यापारियों के साथ मीटिंग की गई और उन्हें दिशा निर्देश दिए गए हैं। जिसके अनुसार दो दुकानों के बीच कम से कम 3 मीटर की दूरी रहेगी। साथ ही अग्निशमन उपकरण और अन्य आवश्यक वस्तुएं मौके पर होना अनिवार्य होगा। एसडीएम ने बताया कि अभी तक लगभग 40 अस्थाई दुकानों के लिए आवेदन दिए गए हैं। बैठक के दौरान मौजूद व्यापारियों ने प्रशासनिक अफसरो को अपनी समस्याओं से अवगत भी कराया। मीटिंग में मौजूद सीओ सिटी गौरव कुमार ने सुरक्षा बंदोबस्त के लिए आवश्यक जानकारी दी और लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा में गाजीपुर पुलिस सदैव मुस्तैद है।

आपदाओ से बचाव हेतु मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण में ग्राम प्रधानों को किया गया प्रशिक्षित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को जिलाधिकारी के आदेश एवं अपर जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में भारत सरकार/ राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित विभिन्न आपदाओं से बचाव हेतु जनपद की सभी ग्राम पंचायतो, विद्यालयों/स्कूलो, डिग्री कालेजो में जन जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिसका उद्घाटन बुधवार को जिला अधिकारी आर्यका अघोरी द्वारा किया गया। जिसके तहत ग्राम प्रधानों का प्रशिक्षण कराया गया ' इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्लॉक सदर, करंडा, बिरनो, मरदह मोहम्मदाबाद, बाराचवार, जमानिया के ग्राम प्रधानों/प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संचालन अशोक राय जिला आपदा विशेषज्ञ ने किया।

उर्दू डे के अवसर पर किया गया कॉलेज परिसर में कार्यक्रम

प्रखर जौनपुर। फरीदुल हक मेमोरियल पी.जी कॉलेज तालीमाबाद, सबरहद शाहगंज-जौनपुर में शायरे मशरिक अल्लामा इकबाल डे के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक "अल्लामा इकबाल और तसव्वुरे आजादी" महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस में बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया, कार्यक्रम का संचालन उर्दू के प्रवक्ता रियाज अहमद ने किया और कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य डॉ तबरेज आलम ने की।सभी प्रतिभागियों ने दिए गए शीर्षक पर अपने विचार व्यक्त किए।इस भाषण प्रतियोगिता में बी0ए0 पंचम सेमेस्टर के छात्र अब्दुर्रहमान को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ,एम ए उर्दू तृतीय सेमेस्टर की छात्रा फातिमा बानो को द्वितीय स्थान एवं एम0ए0(उर्दू) प्रथम सेमेस्टर की छात्रा हुमा नईम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ,प्राचार्य डॉ तबरेज आलम ने अपने अध्यक्षीय भाषण में अल्लामा इकबाल के तसव्वुरे आजादी के फलसफे को बयान करते हुए छात्र-छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ते रहने के लिए अल्लामा इकबाल की तालीमात पर अमल करने की सलाह दी। कार्यक्रम में कालेज के उप प्राचार्य डा0 निजामुद्दीन,उर्दू विभाग से खुर्शीद हसन खां,कहकशा खान, डॉ अमितदया गुप्ता,सूर्य प्रकाश यादव, डॉ संजय कुमार यादव,डॉ पूजा रानी,उस्मान अहमद आदि उपस्थित रहे।

बीत गया 31अकटूबर बेसहारा पशुओं से नहीं मिल रही मुक्ति संख्या में वृद्धि से किसान परेशान

प्रखर दुल्लहपुर (गाजीपुर)। शासन के आदेश के अनुसार 31 अक्टूबर के बाद घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़कर गो आश्रय केंद्र पर रख दिया जाएगा। लेकिन तय समय से एक सप्ताह का समय बीत जाने के बाद भी शासन प्रशासन का दावा हवा हवाई साबित हो रहा है। अब भी बेसहारा पशु खेतों में तथा सड़कों पर खुलेआम झुंड में चरते घूमते नजर आ रहे हैं। क्षेत्र के दुल्लहपुर चुरामनपुर जफरपुर बड़ागांव खड़ौरा डिल्ला ओडराई धर्मागतपुर सहित अन्य जगहों पर बेसहारा पशुओं को देखा जा रहा है। लंपी वायरस डिजीज के प्रसार को देखते हुए शासन ने बेसहारा पशुओं को गो आश्रय केंद्र पर रखने से रोक दिया था। बेसहारा पशुओं से किसान अपने खेतों की रखवाली इस उम्मीद से करते रहे की अन्न उत्पादन अच्छा होगा लेकिन किसानों की उम्मीद पर पानी फिर जाने से कोसने के अलावा कुछ नहीं बचा। अब रबी फसल की बुआई का सिलसिला चलने वाला है।अगर ऐसी ही स्थिति बनी रही तो किसान खेती कार्य करने से मुंह मोड़ने को मजबूर होंगे। किसानों के मुताबिक शासनादेश जारी था कि 31 अक्टूबर तक या उसके बाद दिखाई दे रहे बेसहारा पशुओं को हर कीमत पर गोआश्रय केंद्र भेज दिया जाएगा। लेकिन एक सप्ताह बाद भी जगह-जगह बेसहारा पशु घूमते नजर आ रहे हैं। जिससे किसानों की मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही है। इस मामले में खंड विकास अधिकारी संजय गुप्ता ने बताया कि लोगों से बेसहारा पशुओं के सहभागिता की अपील की गई है । जिसके लिए प्रति पशु 50रुपए मिलेगा। वहीं जिस गांव की सीमा में बेसहारा पशु दिखाई देंगे उस गांव के ग्राम प्रधान तथा ग्राम पंचायत अधिकारी की जिम्मेदारी है कि ऐसे पशुओं को गोआश्रय केंद्र भेजने का काम करेंगे। मुस्तफाबाद उर्फ बड़ागांव के स्थानीय ग्राम पंचायत अधिकारी राजकमल गौरव ने बताया कि जखनियां विकास खंड में मौजूद कुल चार गौआश्रय केंद्र हैं। जिनकी क्षमता कम है।पशुओं की संख्या अधिक होने के चलते ऐसी दिक्कतें आ रही है। शासन द्वारा नए गोआश्रय केंद्र खोले जाने की जानकारी मिली है ।जमीन की तलाश की जा रही है। जल्द ही समस्या समाधान होने की उम्मीद है।

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पिंडरा व मंगारी न्याय पंचायत का रहा दबदबा

दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के पहले दिन बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा ब्लॉक का दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता गुरुवार को बाबतपुर स्थित बीआईटी कॉलेज के खेल मैदान पर शुरू हुई। पहले दिन पिंडरा, मंगारी व फूलपुर न्याय पंचायत का दबदबा रहा। प्राथमिक वर्ग में आदर्श पटेल प्राथमिक विद्यालय घोघरी ने तिहरी सफलता हासिल की। आदर्श ने 100 मीटर , 200 मीटर व 400 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही 50 मीटर मे प्रसादपुर के शुभम पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक बालिका वर्ग में कम्पोजिट स्कूल सहमलपुर की छात्रा आयुषी पाल ने 100 मीटर, 200 मीटर में दोहरी सफलता हासिल की। उच्च प्राथमिक वर्ग में बालिका वर्ग में मंगारी के छात्राओ का दबदबा रहा। जिम्नास्टिक में जाठी, व्यायाम पीटी व समूहगान में समोगरा, राष्ट्रीय एकांकी सुरही, लोकगीत नृत्य में चुप्पेपुर, अंत्याक्षरी में उच्च प्राथमिक विद्यालय थानारामपुर प्रथम रहा। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीपप्रज्वलन, झण्डारोहण व मार्च पास्ट व शपथ के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीईओ देवीप्रसाद दुबे व विशिष्ट अतिथि बीआईटी प्राचार्य संजय जायसवाल, उपप्राचार्य प्रमोद पांडेय रहे। प्रतियोगिता शुभारंभ के दौरान छात्र छात्राओं ने सरस्वती बंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। अध्यक्षता पूर्व बीईओ मंगरु राम व कार्यक्रम संचालन रामसेवक यादव व खेल संचालन ब्लॉक व्यायाम शिक्षक कैलाश यादव व धन्यवाद ज्ञापन खेलकूद प्रभारी चंद्रशेखर सरोज ने दिया।

गन्ना भुगतान कराने की माँग को लेकर भाकियू (अम्बावता) के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

प्रखर कुशीनगर। बताते चले लगातार किसानों के हित में आवाज बुलंद करने वाले भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) की जिला इकाई, कुशीनगर के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह अपने कार्यकताओं के साथ सूबे के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ से सम्बोधन दो सूत्रीय माँगों का ज्ञापन कृष्ण गोपाल त्रिपाठी तहसीलदार, कप्तानगंज को सौपते हुए अवगत करायें है कि, जनपद के कप्तानगंज चीनी मिल पर पेराई सत्र 2021-22 का किसानों के गन्ने का भुगतान 77 करोड़ 12 लाख रुपये के लगभग बकाया है। इस बकाये गन्ने का भुगतान कराने के लिये हमारे यूनियन द्वारा लगातार माँग करने के बाद भी किसानों के गन्ने का भुगतान नही होना किसानों के साथ धोखा है क्योंकि सरकार के आदेश का पालन मिल प्रबंधन और जिले के जिम्मेदार सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा नही किया गया जो दुर्भाग्यपूर्ण है। यूनियन के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह मुख्यमन्त्री से माँग किये है कि 30 सितम्बर 2023 को कप्तानगंज डिस्टलरी के स्क्रैप का वेलुएशन लगभग 62 लाख 30 हजार का किया गया मगर अभी तक नीलामी नही हो सकी। इस कार्य में त्वरित कार्यवाही किया जाय और स्क्रैप बिकने से जो रुपये आता है उसे डिस्टलरी के कर्मचारियों का वेतन बकाया है उसे कराया जाय और जो धन बचता है उससे किसानों के गन्ने का भुगतान जो बकाया है उसे कराया जाय। 28 जुलाई 2023 को कप्तानगंज चीनी मिल को सील किया गया था और अभी तक नीलामी की प्रतिक्रिया ठप पड़ी है इसमें तेजी लाया जाय और जितना जल्दी हो सके मिल की नीलामी करके किसानों के गन्ने के भुगतान सहित जो भी बकाया मिल पर है उसे पूरा किया जाय। आगे श्री सिंह ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि उपरोक्त माँगों के ऊपर सरकार त्वरित कार्यवाही करें ताकि जो पीड़ित किसान और मजदूर है उनके साथ न्याय हो सके। यदि किसानों की माँगों के ऊपर सरकार एक महीने में कोई भी कार्यवाही नही करती है तो यूनियन को जनहित में कोई ठोस कदम उठाने के लिये मजबूर होना पड़ेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर यूनियन के जिला सचिव चेतई प्रसाद, मिर्जा बेग,जवाहर प्रसाद, बबलू चौधरी, राजेश्वर, कृष्णा, दिग्विजय कुशवाहा, राम दरश, दीपक, सत्यम, अखिलेश के साथ साथ अन्य किसान मौजूद रहे।

शाह फैज स्कूल में 197 बच्चो को लगाया गया डिप्थीरिया आउटब्रेक के टीके

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शाह फैज विद्यालय के प्रांगण में सरकार द्वारा चलाये गए डिप्थीरिया ऑउटब्रेक की रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान के तहत कक्षा 1. 5 एवं कक्षा 10 के विद्यार्थियों का टीकाकरण किया गया। विद्यालय द्वारा सभी अभिभावकों को एक दिन पहले ही मैसेज के द्वारा यह सूचित कर दिया गया था कि जो अभिभावक अपने बच्चों का टीकाकरण करवाना चाहते हैं वो लिखित में अपनी सहमति भेजें। यह टीकाकरण खाली पेट नहीं होता इसलिए सभी छात्र छात्राओं को टीकाकरण से पहले ही भोजन करवा दिया गया था। इस अभियान में कुल 197 छात्र छात्राओं का टीकाकरण किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की तरफ नर्सिंग अफसर राजेश सिंह की अगुवाई में 15 लोगों की टीम विद्यालय पहुंची जिन्होंने अलग अलग कक्षा वर्ग के छात्र छात्राओं का टीकाकरण किया। इस टीकाकरण में डीपीटी का कुल 49 डोज व डीटी का कुल 148 डोज दिया गया।

संक्षिप्त खबरें

परफेक्ट सपोर्ट एंड केयर फाउंडेशन द्वारा वृद्धा आश्रम में साड़ी और खाद्य सामग्री का वितरण और महिलाओं का जाना हाल

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। परफेक्ट सपोर्ट एंड केयर फाउंडेशन अध्यक्ष उषा सिंह परिहार ने दीपावली पर्व को देखते हुए वृद्ध आश्रम दुगाकुँड में कपड़ा इत्यादि बांटने का निर्णय लिया` संरक्षिका सीता सिसोदिया ने राजकीय वृद्धा आश्रम दुगाकुंड में माताओं को नई साड़ी, सलवार,सुट, मैक्सी, नहाने-धोने के लिए साबुन, बिस्कुट, नमकीन, सैम्पू, केला,सेब इत्यादि बांटा गया साथ ही माताओं का हाल- चाल लेने के बाद भजन- कीर्तन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ राष्ट्रीय सचिव प्रिया सिंह , कोषाध्यक्ष गौरव सिंह , संरक्षक दिलीप सिंह सिसोदिया ,संयोजक गौतम सिंह, मीडिया प्रभारी रश्मि साहू के साथ पूनम मिश्रा, रागिनी मिश्रा, सुषमा मिश्रा, सुषमा शुक्ला, नीतू सिंह, श्रेया सिंह, सीमा सिंह,उमेश मिश्रा,जगत मिश्रा,विकास शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

पुलिस के प्रभावी पैरवी से अभियुक्त को न्यायालय द्वारा दोषी करार देते हुए दी गयी सजा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन के प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप थाना भांवरकोल पर पंजीकृत धारा 377 भादवि व 5ट/6 पाक्सो एक्ट व 3(2)(वी) एस सी एस टी ऐक्ट से सम्बन्धित प्रकरण में 01 नफर अभियुक्त हरेराम उपाध्याय पुत्र संतोष उपाध्याय उर्फ टुन्ना निवासी रेडमार थाना भांवरकोल जनपद गाजीपुर के विरुद्ध लगातार किये गये प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप अभियुक्त उपरोक्त को धारा 377 भादवि में 10 वर्ष का कारावास व 15 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने पर 03 माह का अतिरिक्त कारावास, धारा 5एम/6 पाक्सो एक्ट में 20 वर्ष का कठोर कारावास तथा 15000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड अदा न करने पर 03 माह का अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया गया।

सैदपुर पुलिस ने किया चोरी की मोटर साईकिल व पार्ट के साथ 2 अभियुक्तो को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सैदपुर के कुशल पर्वेक्षण मे थाना सैदपुर पुलिस व जनपद वाराणसी पुलिस की सयुक्त टीम द्वारा अभियुक्तगण कमल हसन पुत्र स्व0 सरफूद्दीन उर्फ बाबू कुरैशी निवासी वार्ड न0-04 अब्दुल हमीद नगर कस्बा व थाना सैदपुर गाजीपुर उम्र करीब 32 वर्ष को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर अभियुक्त असफाक अहमद पुत्र जौआद अहमद निवासी ग्राम महमूदपुर हथिनी थाना सैदपुर गाजीपुर उम्र करीब 46 वर्ष के कवाड़ की दुकान से चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल व चार अदद कटी मोटरसाइकिल के अलग अलग पार्ट व भारी मात्रा मे चोरी की कटी हुयी मोटरसाइकिल के पार्टस को समय करीब 05.30 बजे सुबह बहदग्राम महमूदपुर हथिनी थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर से बरामद किया गया, जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर धारा-411/413/414/420 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही सम्बन्धित थाने द्वारा की जा रही है । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक वन्दना सिंह थाना सैदपुर गाजीपुर, उप निरीक्षक रामाश्रय कुशवाहा- थाना सैदपुर, उप निरीक्षक रामकुमार दुबे- थाना सैदपुर, उप निरीक्षक पियूष कुमार सिंह-थाना कोतवाली वाराणसी, कांस्टेबल अखिलेश कुमार थाना कोतवाली वाराणसी, कांस्टेबल शिवम भारती थाना कोतवाली वाराणसी, हेड कांस्टेबल अशोक यादव थाना सैदपुर, युसुफ खान, कांस्टेबल अक्षय कुमार थाना सैदपुर शामिल रहे।

आमने सामने बाइक की टक्कर में राशन लेने जा रही अधेड़ महिला की मौत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। राशन लेने के लिए जा रही मोटरसाइकिल पर सवार महिला की गिरने से हुई मौत । यह हादसा बिरनो थान क्षेत्र के भड़सर जयरामपुर मार्ग पर हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंद्रदेवपुर भड़सर गांव निवासी आशा देवी उम्र लगभग 56 वर्ष पत्नी कल्पना यादव राशन लेने घर से भड़सर गांव जा रही थी तभी रास्ते में एक बाइक सवार युवक से लिफ्ट लेकर भड़सर जयरामपुर मार्ग पर जा रही थी जहा सामने से आ रही बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई ।बाइक सवार महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई ग्रामीणों की मदद से 108 नंबर एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए भेजा गया जहां जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला को मृतक घोषित कर दिया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं